जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 45 संख्याः 271 प्रभात बीकानेर, शुक्रवार 26 अप्रेल, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.



*दो दशकों में पहली बार वैज्ञानिकों ने एक ऐसी चिड़िया के फोटो प्राप्त किए हैं जिसे लंबे समय तक विलुप्त मान लिया गया था। यैलो क्रैस्टेड हैलमैटश्राइक जिसे प्रियोनॉप्स हैलमैटश्राइक भी कहते हैं, को अमेरिकन बर्ड कंज़र्वैन्सी ने खोई हुई प्रजाति के रुप में सूचीबद्ध किया था। युनिवर्सिटी ऑफ टैक्सस के वैज्ञानिकों ने, अफ्रीका में ईस्टर्न डैमोक्रोटिक रिपब्लिक ऑफ कॉंगो की पर्वत श्रृंखला, इटॉम्बवे मैसिफ में छः सप्ताहों के एक खोज अभियान के दौरान यह खोज की। अमेरिकन बर्ड कंन्ज़र्वैन्सी में ''लॉस्ट बर्ड प्रौजैकेट'' के लीडर कैमरन रट ने कहा कि, उन्होंने हैलमैटश्राइक के फोटो देखकर इस पक्षी की पुनर्खोज की पुष्टी की है। वैज्ञानिकों की टीम को, पर्वत शृंखला में 75 मील की अपनी पैदल यात्रा के दौरान अचानक ही यह चिड़िया नज़र आई। चमकदार काले रंग की इस चिड़िया का सिर चमकीले पीले रंग का होता है जिसे देखकर लगता है मानो चिड़िया ने हैलमैट पहन रखा है। टीम ने कहा कि, जंगल के बीच चिड़ियों के इस अति सक्रिय व शोर करने वाले समूह को देखकर सब चकित रह गए। यह चिड़िया सैंट्रल अफ्रीका के एल्बरटाइन रिफ्ट की पश्चिमी ढलानों की मूल निवासी है। यह क्षेत्र, मुख्यतः युद्ध और सुरक्षा कारणों से अधिकतर लोगों की पहुँच से दूर रहा है लेकिन, पिछले कुछ समय से यह सुरक्षित स्थान हो गया है। खोज यात्रा के दौरान तीन स्थानों पर कुल 18 चिड़ियाँ नज़र आईं, जिससे यह उम्मीद बंधी है कि, इस क्षेत्र के दुर्गम स्थानों पर इस प्रजाति की अच्छी आबादी हो सकती है, जिसे कुछ दशकों से किसी ने नहीं देखा था।*

# राहुल व प्रियंका, अमेठी व रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे?

## अगले दो दिन में कांग्रेस इस प्रश्न पर फाइनल निर्णय ले लेगी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। राजनीतिक क्षेत्रों में चचाएं जोरों पर हैं कि, राहुल और संभवतः प्रियंका गाँधी अमेठी व रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

कहा जा रहा है कि, अगले दो दिनों में इस बारे में निर्णय लिया जाएगा, क्योंकि, राहुल गाँधी वायनाड में व्यस्त हैं, जहाँ पर कल, दूसरे चरण में मतदान होगा।

अमेठी और रायबरेली के लिए नामांकन उसके बाद भरे जाएंगे।

यह बात स्पष्ट है कि, यदि गाँधी परिवार का कोई सदस्य अमेठी व रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ता है तो कांग्रेस दोनों सीटें खो देगी। पार्टी के चुनाव विश्लेषक, सुनील कानूगोलू द्वारा उक्त दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में करवाए गए सर्वे के अनुसार, कांग्रेस से केवल ये दोनों भाई-बहन ही नेहरू-गाँधी परिवार की इन पारिवारिक सीटों पर चुनाव जीत सकते हैं और वहाँ से जीतने की संभावना बहुत अच्छी है।

- **पार्टी के आंतरिक सर्वे के अनुसार कांग्रेस पार्टी, नेहरू-गांधी परिवार की पारिवारिक सीटों पर, इस बार जीत सकती है, अगर भाई-बहन, इन दोनों सीटों पर चुनाव लड़ते हैं।**
- **निर्णय लेने में दो दिन इसलिये लग रहे हैं, क्योंकि अगले दो दिन राहुल गांधी, वायनाड में बितायेंगे, जहां 26 तारीख को मतदान हैं।**
- **पार्टी के सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस की टीमें दोनों सीटों पर काफी समय से काम कर रही हैं तथा जमीन तैयार कर रही हैं।**
- **भाजपा की ओर से स्मृति ईरानी पुनः अमेठी से उम्मीदवार होंगी।**
- **अगर, प्रियंका गांधी रायबरेली से पर्चा भरती हैं तो, भाजपा माधुरी दीक्षित, नूपुर शर्मा या मुलायम सिंह की पुत्र वधु को रायबरेली से चुनाव लड़ा सकती है।**

राहुल गाँधी, भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हार चुके हैं, इसलिए वो यहाँ से चुनाव लड़ने के लिए अनिच्छुक रहे हैं।

कांग्रेस की टीमें काफी समय से इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए जमीन तैयार करने में लगी हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कई टीमें दिल्ली से लखनऊ व अमेठी के लिए निकल चुकी हैं।

अमेठी से तो स्मृति ईरानी पुनः चुनाव मैदान में हैं, वहीं, रायबरेली के लिए भाजपा किसी सशक्त उम्मीदवार की तलाश में है, जो कि, गाँधी परिवार का मजबूत गढ़ है, और इस वर्ष राज्यसभा के लिए चुने जाने से पहले सोनिया गाँधी वहाँ से सांसद थीं।

पता चला है कि, भाजपा ने, रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए वरूण गाँधी से संपर्क किया था, संभवतः प्रियंका गाँधी के विरूद्ध चुनाव मैदान में उतरने के लिए।

लेकिन, कहा जा रहा है कि, वरूण ने प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया है।

भाजपा जिन नामों पर विचार कर रही है, उनमें, सिने अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, भाजपा की नूपुर शर्मा तथा भाजपा में शामिल हुईं, मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधु अपर्णा यादव मुख्य हैं। भाजपा अभी भी विकल्पों की तलाश में है, जिसका निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि, प्रियंका गाँधी वास्तव में चुनाव मैदान में उतरती हैं या नहीं।

# प्रूफ है तो साबित करें-गहलोत

जोधपुर/जयपुर, 25 अप्रेल (का.प्र.)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने ओ एस डी रहे लोकेश शर्मा के आरोपों पर जवाब देने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कहा कि, वह जिस तरीके से अपने भाषण में भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसे देखते हुए चुनाव आयोग को तुरंत प्रभाव से पी.एम. के चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

- **पूर्व मु.मंत्री अशोक गहलोत ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री के उस बयान पर की, जिसमें उन्होंने कहा था कि, पेपरलीक में अशोक गहलोत सरकार शामिल थी।**

गुरुवार को जोधपुर में, खुद के ओ.एस.डी. रहे लोकेश शर्मा के पेपर लीक सहित अन्य आरोपों को लेकर गहलोत ने कहा कि, चुनाव जीतने के लिए हथकंडे अपनाए जाते हैं, हम उसकी परवाह नहीं करते हैं, सच्चाई क्या है, वो अलग बात है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से गुरुवार को अशोक गहलोत सरकार पर

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# रायबरेली से प्रियंका गांधी के सामने वरूण गांधी को उतारेगी भाजपा?

## सूत्रों का कहना है कि, भाजपा पूर्व सांसद वरूण गांधी पर रायबरेली से प्रत्याशी बनने का दबाव डाल रही है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। भाजपा नेतृत्व रायबरेली लोकसभा चुनाव को गांधी बनाम गांधी की लड़ाई बनाना चाहता है। पीलीभीत के पूर्व सांसद वरूण गांधी पर उनकी चचेरी बहन (कज़न), प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ, रायबरेली से चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। संभावना है कि, प्रियंका गांधी वाड्रा को रायबरेली से कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली सीटों के उम्मीदवारों के नामों पर ''सस्पैन्स'' बनाया हुआ है। इन सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनावों के पांचवें चरण में मतदान होगा। प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा यद्यपि, अमेठी सीट पर दावेदारी पेश कर रहे हैं, लेकिन, पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि, अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान पूर्ण होने के बाद, राहुल और प्रियंका के क्रमशः अमेठी और रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल करने की संभावना है।

- **हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी या नहीं।**
- **रायबरेली और अमेठी में पांचवे चरण में मतदान होगा और कांग्रेस ने इन दोनों सीटों पर सस्पैंस बना रखा है।**
- **किन्तु चर्चा है कि, प्रियंका गांधी रायबरेली और राहुल गांधी अमेठी से नामांकन दाखिल कर सकते हैं।**
- **सूत्रों के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी ने वरूण गांधी के समक्ष रायबरेली से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा, जिसे वरूण ने विनम्रता से ठुकरा दिया। क्योंकि उनके अपने ''कज़न्स'' के साथ अच्छे संबंध हैं।**

पहले चरण में कम मतदान होने के कारण, भाजपा पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस फीडबैक के बाद, कांग्रेस नेतृत्व, उत्तर प्रदेश की सभी 17 सीटों पर, जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं, मजबूती से चुनाव लड़ना चाहता है। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि, राहुल और प्रियंका, दोनों के चुनावी मैदान में उतरने से मतदाताओं में जोश आ जायेगा और इससे अमेठी व रायबरेली की निकटवर्ती सीटों में भी, इंडिया ब्लॉक

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# चुनाव आयोग ने भाजपा को नोटिस दिया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। राजस्थान में उनके भाषणों के संदर्भ में उनके नाम का सीधे उल्लेख किए बगैर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर चुनाव आयोग ने गुरुवार को इस मामले में भाजपा के अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है तथा इसी प्रकार आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष को भी अलग से एक नोटिस जारी किया गया है और दोनों पार्टियों के अध्यक्षों से सोमवार को सुबह 11 बजे तक नोटिसों का जवाब मांगा है।

- **हेट स्पीच के मसले पर दिए गए इस नोटिस में डिफॉल्टर के तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम नहीं है। आयोग ने एक नोटिस कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को भी भेजा है।**

आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को प्रेषित नोटिस में इस बात का हवाला दिया है कि उन्हें कांग्रेस के साथ ही सी.पी.आई. एवं सी.पी.आई.

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# बहुचर्चित बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर हुआ बड़ा खेल

## वोटिंग से एक दिन पहले आर.एल.पी. का भाजपा को समर्थन का ऐलान

जैसलमेर, 25 अप्रेल (नि.सं.)। राजस्थान में दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार 26 अप्रेल को मतदान होगा। मतदान से ठीक एक दिन पहले गुरुवार को बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर हुए एक बड़े सियासी घटनाक्रम में हनुमान बेनीवाल की पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आर.एल.पी.) के कुछ कार्यकर्ताओं ने भाजपा को समर्थन दिया। हालांकि, अभी हनुमान बेनीवाल की तरफ से इसको लेकर कोई बयान नहीं आया है। ज्ञातव्य है कि, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आर.एल.पी. में गठबंधन हुआ है।

इसी क्रम में इंडिया गठबंधन की ओर से आर.एल.पी. सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल को नागौर से प्रत्याशी बनाया गया। नागौर में पहले चरण के दौरान वोटिंग हो चुकी है।

बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर मतदान के ठीक एक दिन पहले गुरुवार को, आर.एल.पी.के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी को समर्थन देने का ऐलान किया है। उधर, कैलाश चौधरी ने हनुमान बेनीवाल और आर.एल.पी. कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया है।

- **हालांकि, बताया जा रहा है कि, क्षेत्र के कुछ पदाधिकारियों ने ही यह कदम उठाया है, अभी तक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल की तरफ से कोई अधिकृत बयान नहीं आया।**
- **राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि, इससे रविन्द्र सिंह भाटी की मुश्किलें बढ़ गई हैं, जबकि, अभी तक उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही थी।**
- **ज्ञातव्य है कि, आर.एल.पी. के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से नागौर से चुनाव लड़ा है। बाड़मेर में उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के इस कदम पर सभी स्तब्ध हैं।**
- **बाड़मेर-जैसलमेर सीट से भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, कांग्रेस ने उम्मेदाराम बेनीवाल को टिकट दिया है, इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र भाटी भी मैदान में हैं, जो एक प्रबल प्रत्याशी माने जा रहे हैं।**

कैलाश चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर आर.एल.पी. कार्यकर्ताओं के साथ फोटो शेयर की और लिखा कि, आज बाड़मेर-जैसलमेर-बालोतरा लोकसभा क्षेत्र के रालोपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में भाजपा को समर्थन दिया। मैं समस्त कार्यकर्ताओं व सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल का धन्यवाद देता हूं। इस सियासी खेल के बाद कांग्रेस और

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# आरोपी ट्रेनी एस.आई. सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, आज सुनवाई

जयपुर, 25 अप्रेल। एस.आई. भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में 11 ट्रेनी एस.आई. व एक कांस्टेबल सहित 12 आरोपियों को सशर्त रिहा करने वाले जयपुर मेट्रो-द्वितीय के चीफ मैट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सी.एम.एम.)

- **एस.आई. भर्ती, 2021, पेपरलीक केस में हाई कोर्ट ने आरोपी ट्रेनी एस.आई. की रिहाई पर रोक लगा दी तो, आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में एस.एल.पी. दायर की।**

के आदेश पर रोक लगाने वाले हाईकोर्ट के आदेश को आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में स्पैशल लीव पिटिशन (एस.एल.पी.) के जरिए चुनौती दी है, जिस पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

आरोपियों के अधिवक्ता वेदांत शर्मा ने बताया कि स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# सत्येन्द्र गोवर्धन दास पित्रोदा एक ''एक्सपायरी डेट'' वाली दवा से पुनः महत्व पाना चाहते हैं?

## चालीस साल पहले पित्रोदा ने राजीव गांधी के सलाहकार के रूप में पांच टैक्नोलॉजिकल मिशन चालू कराकर देश में टैलिकॉम क्रांति लाने का भारी काम किया था

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। विरासत कर को पुनः लागू करने को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। इस कर का प्रस्ताव किसी अन्य ने नहीं बल्कि गुजरे ज़माने के टैक्नोलॉजी दिग्गज सैम पित्रोदा ने दिया। इससे पता चलता है कि कांग्रेस इन चुनावों में कितनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दे रही है।

सैम पित्रोदा ने राजीव गांधी के सलाहकार के रूप मे एक विलक्षण प्राथमिक भूमिका निभायी थी। उन्होंने भारत के आधुनिकीकरण के लिए ''फाइव मिशन मोड'' का विचार प्रस्तुत किया था, इनमें से टेलीकॉम मिशन ने एक ट्रांसफॉर्मेशन एजेन्ट के रूप में काम किया था।

- **टैलिकॉम रैवोल्यूशन की सफलता से भी भारत में आई.टी. सैक्टर चमका। पर, आज ''सैम'' पित्रोदा, पुरानी प्रसिद्धि व महत्ता पुनः प्राप्त करना चाहते हैं, ''एक्सपायरी डेट'' वाली गोली से।**
- **रूस व चीन ने यह रास्ता अपनाया था, स्टालिन व माओ के समय तथा इससे इन देशों की इकॉनमी को भारी धक्का लगा था, भारी नुकसान हुआ था।**
- **इंगलैण्ड में भी इस सोच को त्यागना पड़ा था, क्योंकि कालान्तर में कई धनाढ्य परिवारों की सम्पत्ति भारी इन्हैरिटैन्स टैक्स की देनदारी के के कारण धीरे-धीरे खत्म हो गयी थी तथा जितना टैक्स इकट्ठा नहीं हुआ, उनसे ज्यादा तो पैसे टैक्स उगाहने में खर्च हो गए।**
- **आज के युग में जबकि, ''इनोवेशन'' व ''स्टार्टअप'' सफलता का मंत्र है, ''इन्हैरिटैन्स टैक्स'' का सोच, वाकई में ''एक्सपायरी डेट'' की दवाई है।**

पित्रोदा ने सी.डॉट (सैन्टर फॉर डैवलपमैंट ऑफ टेलीमैटिक्स) स्थापित किया था। इसके तहत देश के दूरस्थ स्थलों में टेलीकॉम सेवाओं के विस्तार के लिए अनुसंधान और विकास परियोजनाएं चलायीं गईं। उन शुरुआती दिनों में सी.डॉट ने कुछ मूलभूत अनुसंधान किए थे, जो भारत के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक थे।

उनके बाद टेलीकॉम सेवाओं पर मिनिस्ट्री ऑफ टेलीकम्युनिकेशन के एकाधिकार जैसा शिकंजा समाप्त कर टेलीकॉम सेवाओं का उदारीकरण किया गया, जिससे देश में टेलीकॉम क्रांति का सूत्रपात हुआ। टेलीकॉम सैक्टर के उदारीकरण के बिना आई.टी. क्रांति और भारत का एक आई.टी. सुपर पावर के रूप में उदय संभव नहीं था।

उन दिनों के बाद सत्येन्द्र गोवर्धनदास पित्रोदा, जिन्हें सैम के नाम से अधिक जाना जाता है, पुनः अमेरिका चले गए थे। करीब चालीस साल पहले देश की तकनीकी में सैम पित्रोदा ने जो काम किया उसी के आधार पर वे ऐसे पुराने

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# 'शराब घोटाले के कर्ताधर्ता अरविंद केजरीवाल'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) द्वारा गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी 734 पेज के एफिडेविट में कहा है कि तथाकथित दिल्ली की आबकारी नीति के घोटाला से उत्पन्न आपराधिक आय का सबसे बड़ा फायदा आम आदमी पार्टी ने प्राप्त किया है और इस कड़ी में काले धन को सफेद बनाने का अपराध आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने किया

- **ई.डी. ने सुप्रीम कोर्ट में दायर चार्ज शीट में कहा है कि, इस घोटाले में आम आदमी पार्टी ने सबसे ज्यादा पैसा बनाया है, जिसका इस्तेमाल गोवा चुनाव में किया गया था।**

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद

# क्या कम वोटिंग का अर्थ लोकतंत्र में विश्वास की कमी है?

प्रश्न गम्भीर है और इसका उत्तर जटिल। साधारणत: यह कहा जा सकता है कि कम वोटिंग के अनेक कारण हैं। चुनावों में मतदान की प्रक्रिया को उसके पेटर्न को समझना भी एक कला है। मतदान संवैधानिक अधिकार है। यह आवाज प्रारम्भ ही से सुनी जा रही है कि मतदान करना अनिवार्य होना चाहिये। सन 1951-52 से प्रारम्भ होने वाले चुनावों से लेकर अभी तक यह स्पष्ट रूप से समझा जा रहा है कि चुनावों में समय ज्यादा भागीदारी गरीबों की, साधारण व्यक्तियों की है, बड़े लोग, बडे अधिकारी मतदान में भाग बहुत कम लेते हैं।

वर्तमान चुनाव में यह नारा बहुत प्रचलित है, अबकी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। मोदी के विरोध में विपक्ष एकजुट होने का प्रयत्न कर रहा है, किन्तु सफलता उसकी पहुँच से दूर है। विपक्षी संगठन को INDIA नाम दिया गया है। वस्तुत: पूरा नाम बहुत बडा है, किन्तु INDIA का सही अर्थ क्या है किसी ने समझा नहीं है। हमारे देश का नाम भारत है। जैनियों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र के नाम भरत पर देश को भारत नाम दिया गया। वेदों में ऋषभदेव के नाम का वर्णन है। अंग्रेजों ने भारत को अपना एक उपनिवेश बनाया और इसे INDIA नाम दिया। ऑक्सफोर्ड के शब्दकोष में INDIA के नाम का अर्थ है, वह जनजाति (ट्राइव) जो अशिक्षित है, लूटपाट में लिप्त है।

चुनावों में भाग लेने वाले लोग कई श्रेणियों में वर्गीकृत किये जा सकते हैं। प्रथव चुनाव के समय सबसे बडी पार्टी कांग्रेस थी। विपक्ष कई दलों में बंटा हुआ रहा है। वर्तमान में संसद की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है। भाजपा का राज है। कांग्रेस विपक्ष की बड़ी पार्टी है। यह कहा जा रहा है कि भारत की संसद में कभी 400 सांसद कांग्रेस के थे; किन्तु आज 300 सांसद चुनावों में खड़े होने वाले उम्मीदवार भी उसे नहीं मिल रहे हैं, जिन पर वह विश्वास कर सके। गठबंधन के लोग ही आपस में लड रहे हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 सात चरणों में हो रहे हैं। प्रथम चरण के चुनाव 19 अप्रैल 2024 को हो चुके हैं। अन्तिम चरण 7 के चुनाव 01 जून 2024 को होंगे।

पहले चरण के 102 सांसदों के क्षेत्र के चुनावों में मतदान हो चुका है।

भारत में मतदान का पेटर्न उलझे हुये प्रश्न के उत्तर जैसा है। प्रारम्भ में चुनाव का पेटर्न कांग्रेस बनाम अन्य पार्टियां थीं। वर्तमान में अब यह पेटर्न भाजपा बनाम शेष अन्य पार्टियां हैं। नये भारत का जन्म राजनीति के आंगन में हुआ। जहां गणतंत्र है वहां एक दूसरे के विरूद्ध विचारधारा की पार्टी होंगी ही। जिस पार्टी की सरकार है उसके कार्यकर्ता के हित रखने वाले व्यक्ति कमिटेड मतदाता होते हैं। यह माना जाता है, ऐसे लोगों ने पार्टी के पक्ष में मतदान किया ही होगा।

प्रत्येक व्यक्ति अपेक्षा करता है कि उसके देश की सरकार, विकास के प्रति कर्त्तव्य निष्ठ रहे। अत: नये मतदाता, पार्टी इन पावर का साथ देते हैं। कुछ मतदाता समय की बयार के साथ चलते हैं। देश की महिलाओं का मत भी विकास के साथ रहता है। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक से मुक्ति ने मुस्लिम महिलाओं को मतदान के लिये प्रेरित किया है और राम मंदिर ने हिन्दू महिलाओं को मतदान की कीमत समझी है।

सन् 2024 का यह चुनाव मोदी के सबल नेतृत्व में एनडीए संग भाजपा तथा कांग्रेस संग इण्डिया के मध्य लड़ा जा रहा है। एक ओर विश्व के नेताओं के नेता पीएम मोदी ने चुनाव की बागडोर संभाल रखी है तो दूसरी ओर बिखरा हुआ [illegible] संग राहुल की कांग्रेस के बीच लड़ा जा रहा है। एक ओर देश को तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का है तो दूसरी ओर लड़खड़ाते हुये नेतृत्व विहीन पार्टी चुनाव के मैदान में है। भारत की चारों दिशाओं में अब की बार मोदी सरकार व 400 पार के नारे बुलन्द आवाज में सुनाई दे रहे हैं तो दूसरी ओर विपक्ष को 300 सीटों पर लड़ने वाले उम्मीदवार भी नहीं मिल पा रहे हैं। बनावटी पोल के नतीजे भी चुनाव के रिजल्ट 370 के आस पास दिखा रहे हैं।

दिनांक 19.04.2024 को प्रथम चरण के चुनाव पूरे हुये और देर रात तक यह समाचार मिला कि औसत मतदान कम हुआ है। राजनैतिक गलियारों में कुछ देर के लिये सन्नाटा छा गया। विचारों का द्वन्द प्रारम्भ हो गया। दिनांक 19.04.2024 के बाद चुनाव आयोग का चुनावों का विस्तार से विशलेषण मिला। यदि हम राजस्थान की 12 संसद की सीटों के बूथ वाईज मतदान को देखेंगे तो ज्ञात होगा कि 24370 मतदान केन्द्रों में से 12001 केन्द्रों पर पूर्व चुनाव के औसत 58.28 प्रतिशत से कम वोट पड़े हैं। 5717 बूथों पर तो 50 फीसदी से कम मतदान हुआ है। विशलेषण के आंकडे यह भी कह रहे हैं कि कुछ बूथों पर 90 प्रतिशत मतदान हुआ है और कुछ पर मतदान 10 प्रतिशत ही हुआ है। कुछ जगह मतदाताओं ने चुनाव का बहिष्कार किया है। राजस्थान की तरह ही अन्य राज्यों में भी मतदान में कमी आंकी गई है। 21 राज्यों में से 19 में मतदान में कमी आई है। राजस्थान में 2019 में मतदान 63.7 प्रतिशत था इसके विरूद्ध 2024 में औसत मतदान 57.6 प्रतिशत है। लक्षद्वीप में 2019 में 85.1 प्रतिशत था और 2024 में मामूली सी कमी आंकी गई है, वहां औसत 2024 में 84.1 प्रतिशत आया है। उत्तराखण्ड में 2019 में 61.5 प्रतिशत तो 2024 में 57.2 प्रतिशत पाया गया है। आन्ध्रप्रदेश, तामिलनाडु, महाराष्ट्र में मतदान में काफी कम है। इलेक्शन कमीशन इस कमी पर निकाह लगाये हुये है और इसे बूस्ट करने की योजना दूसरे चरण में करने जा रहा है। आज 26.4.2024 है, यानी दूसरे चरण का मतदान है। ऐसा मालूम हुआ है कि मतदान के समय मुख्य बाजार बंद रहेंगे।

**भारत में मतदान का पेटर्न उलझे हुये प्रश्न के उत्तर जैसा है। प्रारम्भ में चुनाव का पेटर्न कांग्रेस बनाम अन्य पार्टियां थीं। वर्तमान में अब यह पेटर्न भाजपा बनाम शेष अन्य पार्टियां हैं। नये भारत का जन्म राजनीति के आंगन में हुआ। जहां गणतंत्र है वहां एक दूसरे के विरूद्ध विचारधारा की पार्टी होंगी ही।**

कम वोटिंग के कई कारण हैं। अलग-अलग प्रदेशों में भी ये कारण भिन्न हो सकते हैं, किन्तु इस सच को स्वीकार नहीं किया जा सकता कि कम मतदान का अर्थ है, मतदाता का लोकतंत्र में विश्वास कम होना है।

पहले चरण में यह भी देखने में आया है कि जहां भाजपा का असर है वहां मतदान कम हुआ है किन्तु जहां भाजपा का प्रभाव नगण्य है वहां मतदान बम्पर भी हुआ है।

प्रथम चरण में मतदान की कमी का कारण कुछ चुनाव विशेषज्ञ यह मानते हैं कि भाजपा यह मान बैठी थी कि उनकी जीत सुनिश्चित है, और कांग्रेस के कार्यकर्ता हार के भय से निराश हो गये थे। हार निश्चित है, फिर मतदान कराने का नाटक क्यों किया जावे? मतदान के समय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को घर से बूथ तक लाने का प्रयत्न नहीं के बराबर किया जबकि भाजपा कार्यकर्ता भी एक सीमा तक आशावान होने से पूर्ण सजग नहीं रहे।

एक चुनाव विशेषज्ञ का विचार लेखक को सारगर्भित लगा। उनका कहना था कि कांग्रेस अपनी सन्तानों को सैट करना चाहती है, वहीं मोदी सभी लोगों की सेवा में खड़ा है।

चुनावों में एक बात मूल रूप से देखी जा रही है कि पैसे वाले व बुद्धि वाले मत देने बूथ तक नहीं जाते। मतदान में झुग्गी-झौंपडी के मतदाताओं की संख्या अधिक रहती है। अत: मतदान अनिवार्य Compulsory होना चाहिये। प्रत्येक मतदाता का कर्त्तव्य है कि वह मतदान धर्म व कर्म समझकर करें।

पहले चरण के चुनाव में यह देखा गया है सभी पार्टियां भीतरी घात से प्रभावित है। एक व्यक्ति वर्षों तक अपनी पार्टी के नेताओं की सेवा करता रहा और जब उसका हक परिपक्व हुआ तो दूसरी पार्टी के व्यक्ति को जो पार्टी छोड़कर आया है उसे टिकिट दे दिया जाता है। इन परिस्थितियों में भीतरी घात का होना स्वाभाविक ही माना जाना चाहिये। जब तक कोई व्यक्ति लगातार 5 वर्षों तक एक राजनैतिक पार्टी का सदस्य नहीं रहता उसे पार्टी चुनाव के हेतु टिकिट न दिया जावे। '**आया राम गया राम**' का सिद्धान्त नैतिक नहीं है।

मतदान का अधिकार संवैधानिक अधिकार है अत: न तो यह बेचा जा सकता है न खरीदा ही जा सकता है। संविधान के अनुसार मतदाता और चुनाव में खड़ा होने वाला वही व्यक्ति होना चाहिये जो संविधान के अनुच्छेद 51क के तहत् अपने मूल कर्त्तव्यों की पालना कर रहा हो। देश की संसद का समस्त कार्य संविधान के अनुसार होना चाहिये, अत: आवश्यक है वह संविधान की जानकारी रखने वाला हो। वह कानून बनाता है, अतएव वह पढ़ा-लिखा होना चाहिये। यह सुझाव कई बार दिया जा चुका है कि सांसद/विधायक बनने के लिये ग्रेजूयेट होना कानून में आवश्यक किया जावे। जो व्यक्ति अुनच्छेद 51क के कर्त्तव्यों की पालना करने में बार-बार चूक कर रहा हो उसे चुनाव में खड़ा होने के योग्य नहीं माना जावे।

हमारा चुनाव का कानून The Representation of People Act, 1951 बहुत पुराना हो चुका है। समय के साथ वह पिछड़ चुका है। उसमें बहुत सुधारों की आवश्यकता है। अत: सम्पूर्ण रूप से नया कानून लाना आवश्यक हो गया है। नया कानून शीघ्र से शीघ्र लाया जावे। संविधान में भी इस हेतु आवश्यक संशोधन हों। चुनावों में राजनीतिक पार्टियों को चंदा कहां से और कैसे प्राप्त हो यह पारदर्शी होना चाहिये। उम्मीदवार अधिक से अधिक कितना खर्चा चुनाव पर खर्च कर सकता है, इसकी सीमा निर्धारित होनी चाहिये और पालना आवश्यक हो। देश में संसद व विधान सभा, नगरपालिका अथवा पंचायत के चुनाव एक साथ हो, विकासशील देश के लिये एक देश एक चुनाव आवश्यक है। सन् 1952 से प्रारम्भ होने वाले चुनावों का स्तर धीरे-धीरे गिरता जा रहा है। नेताओं की जबान विषैली हो गई है यह सच है संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है, किन्तु जिस भाषा का हम चुनावों में प्रयोग कर रहे हैं वह उस देश की भाषा नहीं हो सकती, जिस देश में गंगा बहती है।

प्रश्न लेख में यही उठाया गया था कि प्रथम चरण के चुनाव में मतदान औसत से कम क्यों हुआ? इसका सीधा, सरल व उचित उत्तर है भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं का जीत के प्रति अति उत्साहित होना कि हमारी जीत तो निश्चित है। कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं में निराशा की भावना व्याप्त होना कि वे तो हारेंगे ही फिर मेहनत क्यों की जावे? परिणाम यह हुआ कि मतदाता जिस संख्या में मतदान करते वे पोलिंग बूथ तक पहुंच ही नहीं सके। मतदान कम हुआ। मतदान में कमी लोकतंत्र में विश्वास की कमी को प्रदर्शित नहीं करता। मतदान का सिद्धान्त है कि सत्ता बरकरार रहने के माहौल के कारण मतदान में कमी आती है और बदलाव के लिये ज्यादा मतदान होता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

## पक्षीघर बनाने वाले-नेमीचंद चौपड़ा

# पक्षियों के लिए आवास और दाना-पानी जुटाने की पहल



**डॉ. अरुणा व्यास**



यह समय पक्षियों के लिए संकट का है। खासकर से गौरैया के लिए। तेजी से बदलते शहर और वहां बनने वाले आवास अब घरेलू गौरैया के लिए उपयुक्त नहीं रह गए हैं। गौरैया मानव के लिए बेहद लाभकारी है। पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने और घातक कीटों को खाकर अपना जीवन यापन करने वाले इस पक्षी के नहीं रहने का अर्थ है, मानव सभ्यता पर ही संकट। असल में अब जो घर बन रहे हैं, वह इस तरह से बन रहे हैं कि वहां गौरैया के घोंसले के लिए जगह नहीं होती। माइक्रोवेव टावरों और कीटनाशकों के कारण होने वाले प्रदूषण से घरेलू गौरैया की पूरी की पूरी प्रजाति संकट में है। गौरैया ही क्यों दूसरे पक्षी भी अब बहुत कम दिखने को मिलते हैं। सोचिए, ऐसा ही यदि होता रहा तो आने वाले समय में पक्षियों के बगैर ही हमें रहना होगा और इसका अर्थ है, स्वयं हमारे ही अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह!

हमारी संस्कृति में कहा गया है पक्षियों को दाना-पानी देने से भविष्य के अनिष्ट से स्वयमेव छुटकारा मिल जाता है। यह भी कि हजार मनुष्यों के बजाए हजार मूक जीवों को भोजन कराना अधिक पुण्य का कार्य है। यह समय भीषण गर्मी का है, गौरैया और दूसरे पक्षियों के लिए दाना-पानी की बड़ी समस्या इस समय रहती है। इस दृष्टि से पाली में बहुत महती काम किया है, समाजसेवी नेमीचंद चौपड़ा ने। नेमीचंद चौपड़ा मूलत: व्यवसायी हैं परन्तु पिछले एक दशक से पक्षियों को बचाने की मुहिम में लगे हैं। उनकी इस मुहिम का आधार है, पक्षियों के लिए घर बनाकर उन्हें बसाना। आरंभ में गौरैया को बचाने के लिए उन्होंने ऐसा किया पर अब वह जो घर पक्षियों के लिए बनाते हैं, उनमें सब-तरह के पक्षी, कबूतर अपना आवास करते हैं और वहीं दाना-पानी की उनकी पूर्ति भी हो जाती है। नेमीचंद चौपड़ा ने पाली में विशेष रूप से पक्षी-घर बनाए हैं। आमतौर पर पक्षियों के लिए पेड़ ही बसेरा होता है। गौरैया के लिए लोगों के घर भी बसेरा होते हैं परन्तु बदलती जीवन शैली में गौरैया को घर कौन दे? कौन उसे अपने यहां घोंसला बनाने दे? इसलिए उनके यह घर भी अब दूर की सोच हो गए हैं। और फिर जैसे-जैसे कंक्रीट के जंगल में यह सारा संसार तब्दील होता जा रहा है, पक्षियों और जानवरों के लिए रहने के ठिकाने छीनते जा रहे हैं।

पक्षी कहां जाए? कैसे उनको भोजन मिले? कैसे वे श्वान और दूसरे जानवरों के शिकार होने से बचे रहें? इन्ही प्रश्नों से जूझते भामाशाह नेमीचंद चोपड़ा ने पक्षियों के लिए घर बनाने के विचार को मूर्त रूप दिया। पक्षी प्राय: तिनका-तिनका एकत्र किए अपने घोषलों में ही रहना पसंद करते हैं, पर शहरों में इमारतों के फैलते जंगल में तिनके कहां से आए? इसी सोच से नेमीचंद चौपड़ा ने पक्षियों के रहने के लिए ही बहुमंजिला आवास की पहल की। इसके लिए बाकायदा पक्षियों के लिए मौसम की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए घोंसला रूपी निर्माण कार्य आरंभ किया गया। पाली में पक्षियों के लिए बहुत सुंदर घर बने हैं। बहुमंजिला इमारतों में मनुष्य नीं पक्षी अपनी मर्जी से रहते हैं। पाली जाएंगे तो आपको नेमीचंद चौपड़ा के बनाए पक्षियों के लिए अनूठे ठिकाने देखने को मिलेंगे। यहां पक्षी घोंसलों के बजाय हमारी ही तरह फ्लैट में रहते हैं, वो भी हजारों की तादाद में। इन मूक परिंदों के लिए ऐसे फ्लैट बनवाए गए हैं, जिनमें गर्मी के तेज ताप भी बेअसर है। बाकायदा इसके लिए गुजरात के कारीगरों को बुलाकार कार्य किया गया। गुजरात की मोरबी टाइल्स से इनका निर्माण किया गया है। यह गर्मी में ठंडी और सर्दी में गर्म रहती है। माने वातानुकूल हैं। नेमीचंद चौपड़ा बताते हैं, इसके लिए गुजरात गया था। वहां देखा 12 फूट का पक्षीघर किसी ने बनाया था। मैंने यह जो पाली में बनाया है वह 72 फूट का है। यहां तूफान आया पर कुछ नहीं हुआ। इस पक्षीघर में करीब 3000 पक्षियों के घोंसले हैं, जो देखने में भी काफी सुंदर लगते है। नेमीचंद चौपड़ा ने पाली ही नहीं, जिले के दूसरे गांव-कस्बों में भी ऐसे ही फ्लैट पक्षियों के लिए बनवाए हैं। उद्देश्य यही है कि पक्षी सुकून से वहां रह सके। पाली शहर के तीन ओर से पानी से घिरे लाखोटिया उद्यान में उन्होंने आरंभ में ऐसे ही दो पक्षीघर बनाए हैं। शहरवासी यहां उद्यान में घूमने आते हैं और पक्षियों के लिए दाना-पानी डालते हैं। इससे पक्षियों को फ्लैट से बाहर आने तक की जरूरत नहीं होती है। इससे पक्षियों के मरने के आंकड़ों में भी कमी आयी है। पक्षियों के अपने घर है। इसलिए उन्हें श्वान का डर नहीं है। इतनी ऊंचाई पर है कि वहां श्वान पहुंच नहीं सकते। बरसात व अंधड़ के समय भी पक्षी सुरक्षित रहते हैं। नेमीचंद चौपड़ा ने पाली के साथ ही सोजतरोड, निमाज और जैतारण सहित अन्य इलाकों में भी पक्षियों के लिए ऐसे ही पक्के पक्षीघर बनवाए हैं। नेमीचंद उदार व्यवसायी हैं। पक्षीघर के बाद अब शहर में तोता घर का निर्माण करवाने का भी उनका विचार है। वह कहते हैं, तोतों के लिए अलग से पक्के घर का निर्माण करवाया जाएगा। इनकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। पाली हाइवे पर नेमीचंद चौपड़ा ने प्रख्यात संत रूप मुनि जी की स्मृति में भव्य जैन मंदिर और साधु-संतों के समागम के लिए विश्राम गृह का निर्माण भी किया है। वह चाहते हैं, श्रमण संस्कृति के आलोक में जैन धर्म से जुड़े इतिहास और संस्कृति का एक विशाल पुस्तकालय भी रूप-मुनि की स्मृति में स्थापित करें। इसके लिए भी उन्होंने सुनियोजित कार्य योजना के तहत पहल की है। उद्देश्य यही है कि इस पुस्तकालय के साथ जैन धर्म से जुड़ी भारतीय संस्कृति के मौलिक शोध और अनुसंधान को गति दी जा सके।

**डॉ. अरुणा व्यास,**
**पत्रकार एवं लोक-संस्कृति मर्मज्ञ**

# अधूरा सड़क निर्माण ग्रामीणों के लिये परेशानी का सबब बना

**पावटा,** (निसं)। अधूरा सड़क निर्माण कार्य ग्रामीणों के लिये परेशानी का कारण बना हुआ है। इस समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।



**पावटा से कुनेड तक सड़क का नवीनीकरण कार्य अधूरा पड़ा है।**

■ **समस्या समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी**

जानकारी के अनुसार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पावटा से कुनेड तक 2.5 करोड़ की लागत से 2 किमी. लंबी व 30 फुट चौड़ी सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बननी थी। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ठेकेदार ने इस पर करीब एक महिने देर से काम शुरु कर दिया था और लगभग सड़क निर्माण के तहत मोहरम डालकर सीसी के लिए पक्का भी कर दिया गया लेकिन पावटा, कुनेड, भोनावास सहित दर्जनभर गांवों व ढाणियों को जोड़ती सड़क का नवीनीकरण कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार की सड़क निर्माण को लेकर लापरवाही है। यहां दो किलोमीटर तक सड़क नवीनीकरण कार्य पिछले कई महिनों से अधूरा पड़ा है। पुरानी डामरीकरण सड़क को उधेड़कर छोड़ने से आवागमन में लोगों को भारी परेशानी हो रही है। आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क सुदढ़ीकरण कार्य प्रारंभ 16 जुलाई 2023 को होना था व कार्य समाप्ति की अवधि 16 दिसंबर 2023 को पूरी हो गई। इसके काफी समय बाद ठेकेदार ने सड़क का निर्माण कार्य चालू किया है। जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और वाहन चालकों के लिए खुदी सड़क परेशानी का सबब बनती जा रही है। सड़क कार्य के कछुआ चाल को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है।

वहीं हंसराज टेलर, पुनीत लुथरा, धर्मेंद्र शर्मा, सुशील गौड़, जितेंद्र वर्मा, रामचंद्र, विजय, दीपक सहित ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क कार्य स्वीकृत करवाया गया जिससे लोगों को राहत मिल सके, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह रोड आम जनता के लिए आफत बन गई है। ढाई माह से अधिक समय बीतने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। जिसके चलते उक्त मार्ग लोगों के लिए आफत बन चुका है। ऐसे में लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, इसलिए ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

# मजदूर पिता के बेटे ने यू.पी.एस.सी. परीक्षा पास की

**बीकानेर,** (निसं)। मजदूर के बेटे ने 10 साल की अथक मेहनत और लगन के बाद देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक यूपीएससी में सफलता हासिल कर न सिर्फ अपने गांव और समाज का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने पिता को भी धूप में झुलसने से राहत दिलाई है।

बीकानेर निवासी अशोक सोनी ने यूपीएससी में चयन के बाद अपने पिता को बताया कि उसका यूपीएससी परीक्षा में चयन हुआ है, पिता उस समय मजदूरी कर रहे थे। बेटे ने कहा कि पापा, आपके बेटे का चयन यूपीएससी में हो गया है। ऐसे में मजदूर पिता को इस बात की जानकारी नहीं थी कि बेटा किस परीक्षा में चयन की बात कर रहा है। उन्होंने कहा, बेटा, मैं अभी सीमेंट मिला रहा हूं, बाद में बात करना। कुछ ऐसा ही है अशोक सोनी के परिवार के साथ, जिनका हाल ही में यूपीएससी में चयन हुआ है। सोनी ने परीक्षा में 793वीं रैंक प्राप्त की, उन्हें अपने पांचवें प्रयास में सफलता मिली। अशोक सोनी जो इन दिनों दिल्ली में रह रहे हैं। उनके पिता बीकानेर में अपने पैतृक गांव में एक मजदूर के रूप में काम करते हैं। इसी बीच जब बेटे ने अपने पिता को फोन किया तो पिता ने कहा कि मैं अभी सीमेंट मिला रहा हूं, बाद में बात करना। इसी बीच अशोक का जवाब आया कि "पापा थारो छोरो आईएएस बांग्यो है"।

अशोक ने बताया कि वह पिछले 10 साल से तैयारी कर रहा है। अब उनका चयन हुआ है। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि उन्हें कौन सा कैडर मिलने वाला है। लेकिन वह अपने पिता सीताराम और मां सरला की जीवन परिस्थितियों को जरूर बदल देंगे। अशोक का कहना है कि उन्होंने 2013 से 2023 तक हुई सभी परीक्षाओं के पेपर इकट्ठा किए और उसके आधार पर तैयारी शुरू की और अब उन्हें यह सफलता मिली है। अशोक बताते हैं कि परिवार को अधिक से अधिक खुशियां देने के लिए जीवन में हमेशा कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

## राशिफल शुक्रवार 26 अप्रेल, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**


वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, अनुप्रभा नक्षत्र रात्रि 3:40 तक, वारियान योग रात्रि 4:14 तक, गर करण प्रात: 7:47 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से रात्रि 3:40 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 3:40 तक रहेगा। भद्रा रात्रि 8:3 से आरम्भ होगी।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:33 तक, लाभ-अमृत 7:33 से 10:48 तक, शुभ 12:25 से 2:02 तक, चर 5:56 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:56, सूर्यास्त 6:53




**मेष**

पारिवारिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**वृष**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। पारिवारिक/व्यक्तिगत कार्यों के लिए यात्रा संभव है।




**मिथुन**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**कर्क**

परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**सिंह**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी अनबन हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




**कन्या**

आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। पारिवारिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।




**तुला**

आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**वृश्चिक**

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।




**धनु**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। मन में असंतोष बना रहेगा।




**मकर**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**मीन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

# रैली से दी मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव की जानकारी

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर से लेकर गांव तक रैली, संगोष्ठी व एंटी लार्वा गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें मच्छरों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ आमजन को भी सहभागी बनाने का प्रयास किया गया।

मुख्य कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य भवन सभागार में आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संगोष्ठी व रैली का आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक बीकानेर जोन डॉ देवेंद्र चौधरी ने बताया कि आमजन के लिए मलेरिया, डेंगू या चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों की प्रजाति में भेद करने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने एनाफिलीज या एडीज मच्छर पर अलग विचार करने की बजाय किसी भी प्रकार के मच्छरों के प्रजनन को रोकने की दिशा में प्रयास पर बल दिया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. लोकेश गुप्ता ने जानकारी दी कि बार-बार पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में आ रही ठंडक के कारण मच्छरों के प्रजनन हेतु अनुकूल समय है। समय रहते इस पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। इसके लिए आमजन को भी सहभागिता करनी होगी।

उन्होंने मलेरिया की नि:शुल्क जांच तथा उपचार संबंधी जानकारी भी दी। आरसीएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कभी मलेरिया एंडेमिक जोन में आने वाले बीकानेर जिले में आज मलेरिया के ना के बराबर केस रह गए हैं जो कि स्वास्थ्य विभाग के प्रयास सहित जन सहभागिता का परिणाम है। एपिडेमियोलॉजिस्ट नीलम प्रताप सिंह राठौड़ ने मच्छरों के जीवन चक्र, प्रजनन के स्थान, रोकथाम के तरीकों तथा आमजन से अपेक्षाओं पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बताया कि जहां भी पानी ठहरा है और खुला पड़ा है वहां मच्छर अंडे देते हैं। जिनसे निकले लार्वा अंततः मच्छर बनकर उड़ते हैं और आमजन को बीमार करते हैं। ऐसे में एंटी लार्वा गतिविधियां अपनाते हुए आसानी से मच्छर जनित बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम समन्वयक मालकोश आचार्य ने किया। इस अवसर पर नर्सिंग अधिकारी अजय भाटी, प्रदीप चौहान, दिनेश श्रीमाली विजय सांखला, राजीव गांधी नर्सिंग कॉलेज, बीकाना नर्सिंग कॉलेज, चलाना नर्सिंग कॉलेज सहित विभिन्न नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रैली निकालकर गली मोहल्ले में मच्छरों पर नियंत्रण का संदेश दिया। साथ ही घर-घर जाकर आमजन को मच्छरों के पनपने के स्थान बताएं और एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित की।

इसी प्रकार जिले भर के शहरी ग्रामीण क्षेत्र में विश्व मलेरिया दिवस को लेकर जन जागरण व एंटी लारवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। डॉ लोकेश गुप्ता ने बताया कि जिले में मलेरिया नियंत्रण में है परंतु आमजन को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जनवरी से आदिनांक मलेरिया जांच हेतु 67,000 ब्लड स्लाइड बनाई गई, जिसमें से मात्र 7 मलेरिया पॉजीटिव पाये गए हैं। इसी प्रकार डेंगू के 42 तथा चिकनगुनिया के चार केस सामने आए हैं।



विश्व मलेरिया दिवस पर संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने नर्सिंग विद्यार्थियों की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

- **विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर से लेकर गांव तक रैली, संगोष्ठी व एंटी लार्वा गतिविधियों का आयोजन किया**

**श्रीगंगानगर।** मच्छरों की भरमार होने से मलेरिया का दर्द अब तक इलाके से बाहर नहीं हो पाया है। सरकारी अस्पतालों में हर साल रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

यह आंकड़ा एकत्र भी होता है लेकिन प्राइवेट अस्पतालों में उपचार कराने वाले रोगियों का जिक्र नहीं होता। करीब पचास फीसदी लोग मलेरिया का उपचार प्राइवेट क्लीनिक या चिकित्सकों से करवाते हैं लेकिन इनमें से एक भी रोगी का रिकॉर्ड जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है। राज्य सरकार हर साल मलेरिया से बचाव के लिए गाइडलाइन जारी कर लोगों को अलर्ट भी करती है। करीब तीन दशक पहले जिला मुख्यालय पर मलेरिया नियंत्रण की टीम भी गठित थी लेकिन धीरे-धीरे खत्म कर दिया गया। अब सीएमएचओ ऑफिस में एक मात्र बाबू रहा है, उसे भी सांख्यिकी अधिकारी के तौर पर सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों से सूचना के लिए रखा गया है।

## तकनीकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 29 को

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 29 अप्रेल को दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय परिसर में राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जायेगा।

दीक्षांत समारोह के दौरान इस वर्ष बीआर्वे बी डिजाइन, बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसी पाठ्यक्रम सहित कुल 20 स्वर्ण पदक एवं बीटेक 2529 बीटेक होनर्स 18, एमबीए 426, एमसीए 139, एमटेक 42, बीआर्क 3, बी डिजाइन 14 पाठयक्रम सहित कुल 3171 डिग्रियों का वितरण किया जायेगा। दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर गुरूवार को कुलपति प्रो् अम्बरीष शरण विद्यार्थी ने समीक्षा बैठक आयोजित की। इसमें समारोह के सफल आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

कुलपति ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों से कार्यों का प्रगति विवरण प्राप्त कर विचार विमर्श किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुलपति द्वारा आयोजन स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया।

दीक्षांत समारोह में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के विभिन्न सम्बद्ध महाविद्यालयों के निदेशक प्राचार्य विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल एवं विद्या परिषद के सदस्यगण राज्य एवं अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, अधिष्ठाता विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष कुलसचिव समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण संकाय सदस्य शिक्षक शिक्षाविद विद्यार्थी शिरकत करेंगे।

## सार-समाचार


### अंगदान जनजागृति का संकल्प लिया



विद्यार्थियों ने अंगदान के लिए जनजागृति का संकल्प लिया।

**बीकानेर,** (कासं)। एमजीएसयू अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय विद्यार्थी अंगदान प्रेरणा अभियान 2024 के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को तड़के विद्यार्थियों को पुस्तिकाओं का वितरण किया गया जिनके माध्यम से मृत्यु के बाद दीजिए दूसरों को प्राण, आगे बढिये और कीजिए अंगदान का संदेश प्रचारित प्रसारित किया गया। स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ . मेघना शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान के साथ जोड़ने के उद्देश्य से यह तीन दिवसीय प्रेरणा अभियान आयोजित किया गया है। इसमें तीसरे दिन पुस्तिका वितरण के अलावा परिसर स्थित सभी अकादमिक भवनों में व केन्द्रीय पुस्तकालय में अंगदान प्रेरणा के नारों सहित फ्लेक्स भी लगवाए गए हैं। इस अवसर पर एसोसिएट डीन डॉ. प्रभुदान चरण ने विद्यार्थियों को अंगदान के ज़रिए जीवन के बाद जीवन जीने का संदेश दिया। पुस्तिका वितरण कार्यक्रम में रामेश्वर लाल, खुशबू तेजी, कोमल कंवर, रूपाली सुथार, सुशीला सारण, जगदीश मेघवाल आदि विद्यार्थी शामिल थे।

### देवालय के लिए भूमि पूजन



मोहननगर में देवालय निर्माण के लिए बिहारीलाल शर्मा व सरस्वती देवी ने भूमि पूजन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। घड़सीसर के मोहन नगर में देवालय निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के यजमान बिहारी लाल शर्मा-सरस्वती शर्मा व चन्द्र कांत शर्मा-सविता शर्मा सहित पंडित मनमोहन पुरोहित-आचार्यत्व, कम्मू खां, युनूस अली, जीतेश अरोड़ा, नवनीत दवे, महावीर कच्छावा, द्वारका प्रसाद, अशोक बड़गुजर, प्रकाश चन्द्र शर्मा, सवाई सिंह पटवारी, आर. के. शर्मा, सुखदेव सुथार, जितेन्द्र शर्मा, भंवर लाल नोखवाल, नंद किशोर, गौरीशंकर, शुभम, लोकेश, बजरंग, जय नारायण, देवेन्द्र शर्मा, चंपा शर्मा, तृप्ति शर्मा, गीतांजली, नीलम शर्मा, जयश्री, राधा जैन, प्रभा शर्मा, मोनिका सहित अनेक नगर निवासी व मातृशक्ति शामिल हुई।

### गेहूं खरीद मानकों में छूट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारत सरकार उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीद में निर्धारित मानकों में छूट दे दी है। इलाके के किसानों के लिए बड़ी फायदेमंद साबित होगी। इसी के साथ अब एमएसपी पर गेहूं की खरीद में तेजी आएगी। श्रीगंगानगर मंडल में एफसीआई को इस सीजन में 12 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद करने का लक्ष्य है। आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जयपुर की सचिव को परिपत्र जारी किया है।

# किसानों पर पड़ रही दोहरी मार, भाव और उत्पादन भी कम

- **सरसों की एमएसपी 5650 रुपए प्रति क्विंटल हैं, जबकि बाजार में सरसों 4825 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रही है**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सरसों में मोयला रोग से उत्पादन भी कम हुआ तथा बाजार में एम.एस.पी. से कम दामों में बेचने पर किसानों को दोहरी मार पड़ी।

राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय सहकारी संघ लिमिटेड (राजफैड) ने श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिले के 63 खरीद केन्द्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों की खरीद शुरू कर रखी है। राजफैड प्रति किसान ऑनलाइन 25 क्विंटल ही सरसों की खरीद कर रहा है। तीनों जिलों में अभी तक एमएसपी पर 181427 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। इस बार सरसों की एमएसपी 5650 रुपए प्रति क्विंटल हैं। जबकि बाजार में सरसों का औसम मूल्य 4825 हजार रुपए प्रति क्विंटल है। राजफैड के बजाए किसान बाजार में सरसों का बेचान अधिक कर रहा है। इस कारण किसानों को 690 से 1350 रूपए प्रति क्विंटल आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। राजफैड ने इस सीजन में सरसों की खरीद करने का लक्ष्य 141612 मीट्रिक टन तय किया हुआ है।

पिछले वर्ष सरसों की अगेती फसल पर पाले की मार पड़ी थी। जबकि इस बार मौसम फसल के अनुकूल नहीं रहा। इस कारण प्रति बीघा सरसों का उत्पादन तीन से चार क्विंटल तक हुआ है। साथ ही सरसों का उत्पादन और गुणवत्ता दोनों ही कमजोर है। पिछले सीजन की तुलना में इस वर्ष श्रीगंगानगर खंड में सरसों की बुवाई अपेक्षाकृत सात हेक्टेयर में कम हुई है जिससे इस बार जिले में सरसों की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। नई धानमंडी श्रीगंगानगर की सरसों की जांच कर रहे ई-इनाम प्रभारी प्रिंस ने बताया कि इस बार 40 से 42 प्रतिशत तक सरसों में तेल की मात्रा मिल रही है। जबकि किसान को 4960 रूपए तक का मूल्य मिल सकता है। जबकि कुछ सरसों में 35 से 36 व 37, 38 से 39 प्रतिशत तेल की मात्रा मिल रही है। सरसों खरीद के प्रमुख व्यापारी संजय महीपाल का कहना है कि इस बार राज्य में 48 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है तथा राज्य में अभी तक बहुत कम एमएसपी पर खरीद की गई है।

## श्रीराम कथा का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ नापासर में किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सरोज भारती ने रामजी की जीवन गाथा को प्रस्तुत करते हुए बताया कि नारदजी क्रोध में आकर के भगवान विष्णु को श्राप देते हैं। इस कारण से भी प्रभु के पृथ्वी लोक पर अवतरण का कारण बताया जाता है। इसके अतिरिक्त मां सती जी की जीवन गाथा को प्रस्तुत करते हुए बताया कि मां सती प्रभु श्री राम की लीला को देखकर जब वह मां सीता की खोज करते हुए इधर-उधर भागते हैं।उस दौरान भगवान शिव उनकी जय जयकार करते हैं। मां सती के मन में संशय आया कि यह भगवान नहीं हो सकते और भगवान शंकर उन्हें समझाते हैं लेकिन वह समझती नहीं है और प्रभु श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए गई प्रभु ने उनका प्रभुत्व उनके समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# दो घरों से लाखों के जेवर-नकदी चोरी

- **सोने-चांदी के जेवर व साढ़े पांच लाख की नकदी चोरी**

**बीकानेर,** (कासं)। चोरों के शोर में कानून-व्यवस्था धराशायी होती नजर आ रही है। चोर आये दिन दुकान व मकान में वारदात को अंजाम देकर आमजन की गाढ़ी कमाई लूट कर ले जा रहे हैं। अब चोरों ने नयाशहर और गंगाशहर में एक-एक मकान में सेंधमारी कर लाखों रूपए के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

गंगाशहर में चोरों ने थाने के पीछे ही एक मकान को निशाना बनाया। पीड़ित परिवार घटना वाले दिन बीकानेर से बाहर अपने किसी रिश्तेदार की शादी समारोह में शिरकत करने गया हुआ था। चोर घर से लाखों रूपए के जेवर व नकदी चुरा ले गए।

गंगाशहर थाने के पीछे रहने वाले संजय पुत्र रामलाल बोथरा ने गंगाशहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पड़ौसियों ने ताले टूटे होने की सूचना दी। पीड़ित के अनुसार चोर घर से डायमंड पेंडल, पेंडेल सेट, सोने की गिन्नी, चेन, पोलकी सेट, नौ-दस कान की बाली, सोने का ब्रेसलेट, गोल्ड चेन पांच, सोने का मंगलसूत्र, कृष्ण का पेंडल, हीरे का नोज पिन, चांदी के 17 सिक्के, पायल जोड़ी, डायमंड की ईयर रिंग, डायमंड मंगलसूत्र, डायमंग बेंगल्स एवं पांच लाख 50 हजार रूपए नकदी चुरा ले गए।

वहीं नयाशहर पुलिस के अनुसार भानीजी की बाडी नत्थूसर बास क्षेत्र निवासी कैलाश नारायण जोशी ने रिपोर्ट में बताया है कि चोरों ने कमरों व अलमारियों के ताले तोड़कर तीन सोने की अंगूठियां, पायजेब, बिछिया व नोज पिन तीन एंव 15-20 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए।

# श्रमिक परिवार के तीन जनों की डूबने से मौत

- **चूरू के तारानगर के गांव पूनरास से एक दर्जन मजदूर छानीबड़ी में गेहूं की कटाई के लिए आये थे**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के भादरा क्षेत्र के गांव छानीबड़ी में अमर सिंह ब्रांच नहर में नहाने उतरे एक बालक व दो युवकों की डूबने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार चूरू जिले की तहसील तारानगर के गांव पूनरास के एक दर्जन मजदूर गांव छानीबड़ी में गेहूं कटाई के लिए आए हुए थे। मजदूरों का दल अमरसिंह के पास था। इस दौरान मजदूरों के मुखिया बनवारी लाल मेघवाल का पुत्र सोहनलाल व कृष्ण कुमार नहर में रस्सी पकड़कर नहा रहे थे।

इसी दौरान बड़े भाई का पुत्र संदीप भी नहाने के लिए नहर में उतर गया। नहर में उतरते ही संदीप के हाथ से रस्सी छूट गई। जिससे वह पानी में बह गया। रस्सी पकड़कर नहा रहे सोहनलाल व कृष्ण कुमार उसको बचाने के लिए रस्सी छोड़ दी। पानी के तेज बहाव के चलते तीनों ही डूब गए।

तीनों के डूबते देखकर किनारे पर बैठे अन्य मजदूरों के शोर मचाने पर खेतों में काम करने वाले किसान दौड़कर आए। ग्रामीणों ने तीनों को तलाश कर नहर से निकाला तब तक तीनों की पानी में डूबने से मौत हो चुकी थी।

## सीसीटीवी कैमरे उखाड़ ले गए

बीकानेर, (कासं)। यहा गंगाशहर थाना क्षेत्र स्थित एक घर में सुरक्षा के लिहाज से लगाये गए सीसीटीवी कैमरे चोरी होने का मामला सामने आया है। घर में लगे छह सीसीटीवी कैमरे में से चार कैमरे चोर उखाड़ कर ले गए। जबकि दो कैमरे में ले जाने में असफल रहे। उन्हीं में उनकी तस्वीर भी कैद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार श्रीरामसर में रामदेव मदिर के पास रहने वाले शिवलाल माली पुत्र चंपालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 अप्रैल की रात को जितेन्द्र व एक अन्य उसके घर में घुस गए और छह सीसीटीवी कैमरों में से चार चुराकर ले गए। दो कैमरों में उनकी करतूत कैद हो गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जांच एएसआई रामफूल को सौंपी है।

# ब्लैकमेल कर बलात्कार करने का आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ बालात्कार किया तथा अश्लील वीडियो बना वायरल करने की धमकी दी**

**रायसिंहनगर,** (कासं)। युवती को शादी का झांसा देने, सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस की ओर से उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार महिलांओ के साथ छेड़छाड़ व अवांछनीय गतिविधि करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में कांस्टेबल रमेश कुमार, गुरभेज सिंह व ईश्वर लाल ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गुरविन्द्र सिंह उर्फ सन्नी पुत्र बलविन्द्र सिंह जाति मजबी सिख निवासी वार्ड संख्या 5 हाण्डा कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 5 अप्रेल को पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि आरोपी गुरविन्द्र सिंह उर्फ सन्नी उसके भाई का मित्र होने के कारण वह अक्सर उसके घर पर आता जाता था। इसके चलते उसकी आरोपी के साथ जान पहचान भी हो गई। इस दौरान आरोपी ने उसे अपने घर बुलाया तथा उसके साथ शादी का झांसा देकर उसके साथ बालात्कार किया।

अपने फोन में उसकी अश्लील वीडियो दिखाते हुए डराया कि वह उसके साथ संबंध नहीं बनायेगी तो उसका अश्लील वीडियो वायरल कर देगा तथा उसे जान से मार देगा। इस प्रकार आरोपी ने उसको डरा धमकाकर उसके साथ कई बार बलात्कार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# कलेक्टर ने देवनारायण छात्रावास में बनने वाला भोजन खाकर गुणवत्ता जांची

- **छात्रावास में रहने वालों से संवाद कर व्यवस्था संबंधी फीडबैक लिया**

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरूवार को वृंदावन एंकलेव स्थित अपना घर आश्रम और राजकीय आदर्श देवनारायण छात्रावास तथा शिवबाड़ी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने देवनारायण छात्रावास में रहने वाले 21 युवाओं से संवाद कर व्यवस्था संबंधी फीडबैक लिया और कहा कि वे नियमित अध्ययन के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करें। उन्होंने छात्रावास में तैयार भोजन चखा और उसकी गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास परिसर की साफ-सफाई नियमित हो तथा सुनिश्चित किया जाए कि युवाओं को सभी व्यवस्थाएं प्रभावी तरीके से मिलें।

उन्होंने गर्मी के मद्देनजर कूलर, पंखे और पेयजल व्यवस्था के बारे में जाना। उन्होंने पूरे परिसर का अवलोकन किया और व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अपना घर वृद्ध आश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। यहां रहने वाले वृद्धजनों से बातचीत कर, उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, कमरों, पार्क व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि अपना घर वृद्धाश्रम का संचालन रामप्रताप हनुमानदास मूंधड़ा ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। इसके प्रबंधक अशोक मूंधड़ा ने बताया कि अपना घर आश्रम में 209 वृद्धजन रह रहे हैं। उन्होंने यहां नई महिला विंग बनाने को इच्छा जाहिर की। इस पर जिला कलेक्टर ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव उपलब्ध करवाएं। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार, समाज कल्याण अधिकारी सुरेंद्र चौधरी तथा छात्रावास अधीक्षक श्रवण बिश्नोई मौजूद थे।



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने देवनारायण छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## ई-मित्र कियोस्क पर कार्रवाई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना नहीं करने और फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार करने के मामले में दो ई-मित्र कियोस्क के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की संयुक्त निदेशक रूचि रानी गोयल ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जांच में वर्णित ई-मित्र कियोस्क नम्बर के 31005859 रोहित उद्योग श्रीगंगानगर द्वारा नया राशन कार्ड आवेदन फार्म में फर्जी तरीके से ऑनलाइन दस्तावेज तैयार कर एनओसी बनाकर अपलोड करना पाया गया। ई-मित्र कियोस्क को दिशा निर्देशों की पालना न करते हुए कार्य करने के कारण स्थायी रूप से बंद किया गया है। इसी प्रकार कियोस्क नम्बर के. 99237209 विक्रम कुमार के विरूद्ध बिना पटवारी हस्ताक्षर करवाये मोहर लगाकर गिरदावरी अपलोड करने के संबंध में ब्लॉक प्रोग्रामर पदमपुर की जांच पर उक्त ईमित्र कियोस्क को स्थायी रूप से बंद किया गया है।


**Form No. 3**
**[See Regulation-15 (1)(a)]/16(3)**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur- 302 015
**Case No.: OA/1264/2023**
**Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.**
**Exh. No. 11692**
**ICICI BANK LIMITED VS. VINOD AUTOMOBILES**

To,
(1) VINOD AUTOMOBILES PROPRIETOR VIKARM SINGH JAT, WARD NO. 1, NEAR TIRUPATI SCHOOL, NEAR HANUMAN JI MANDIR BIKANER, RAJASTHAN -334004
**Also At.**
M/S. VINOD AUTOMOBILE REPRESENTED BY RPOPRIETOR VIKRAM SINGH JAT, PLOT NO. 3F-1, SECTOR-3, DHAN MANDI, LUNKARANSAR, BIKANER, BIKANER RAJASTHAN- 334 603
**Also At.**
M/S. VINOD AUTOMOBILE REPRESENTED BY PROPRIETOR VIKRAM SINGH JAT, NEAR RAJPURIA PANTA, KALU ROAD, LUNKARNSAR, BIKANER BIKANER RAJASTHAN -33 4603
( 2 ) MR. VIKRAM SINGH JAT S/O MAHENDRA SINGH JAT WARD NO.1, NEAR TIRUPATI SCHOOL, NEAR HANUMAN JI MANDIR, BIKANER BIKANER, RAJASTHAN-334 004
**Also At.**
MR. VIKRAM SINGH JAT S/O MAHENDRA SINGH JAT, PLOT NO. 3 F-1, SECTOR-3, DHAN MANDI, LUNKARANSAR, BIKANER, BIKANER RAJASTHAN - 334 603
**Also At.**
MR. VIKRAM SINGH JAT S/O MAHENDRA SINGH JAT NEAR RAJPURIA PANTA, KALU ROAD, LUNKARANSAR, BIKANER, BIKANER RAJASTHAN- 334 603
(3) MR. VINOD KUMAR JAT S/O MAHENDRA SINGH JAT WARD NO. 1, NEAR TIRUPATI SCHOOL, NEAR HANUMAN JI MANDIR, BIKANER BIKANER RAJASTHAN- 334 004
**Also At.**
MR. VINOD KUMAR JAT S/O MAHENDRA SINGH JAT -, PLOT NO. 3 F-1, SECTOR-3, DHAN MANDI, LUNKARANSAR, BIKANER, BIKANER, RAJASTHAN -334 603
**Also At.**
MR. VINOD KUMAR JAT S/O MAHENDRA SINGH JAT, NEAR RAJPURIA PANTA, KALU ROAD, LUNKARANASR, BIKANER BIKANER, RAJASTHAN -334 603

**SUMMONS**

WHEREAS, **OA/1264/2023** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **22/03/2024.**

WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 3032935.98/-** (application along with copies of documents etc. annexed).

In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before **Registrar** on **07/06/2024** at **10:30A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

**Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: 02/04/2024.**

**Signature of the Officer**
**Authorised to issue summons**
**ASSISTANT REGISTRAR**
**Debts Recovery Tribunal, Jaipur**

# पूछताछ के लिए लाए एक युवक की पुलिस कस्टडी में मौत

## ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों पर शराब के नशे में धुत्त होकर युवक की पिटाई का आरोप लगाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** पुलिस कस्टडी में पूछताछ के लिए लाए एक युवक की मौत के बाद माहौल गर्मा गया। ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों पर शराब के नशे में धुत्त होकर युवक की पिटाई करने का आरोप लगाते हुए हॉस्पिटल के बाहर जमकर हंगामा मचा दिया।

मामला मांडल थाने का है। यहां दो दिन पूर्व हुए नारायण गुर्जर हत्याकांड के मामले में पुलिस नारायण को टक्कर मारने वाली कार के मालिक सिरडियास निवासी मुकेश कुमावत को बीती रात पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। इस दौरान पुलिस कस्टडी में मुकेश की मौत हो गई। गुरुवार सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में लोग हॉस्पिटल पहुंच गये यहां इन्होंने पुलिस मुकेश को बेवजह गिरफ्तार करने और शराब के नशे में उसके साथ मारपीट कर हत्या करने के आरोप लगाए और हंगामा मचा दिया।

युवक के परिजनों का कहना है कि मुकेश कार किराए पर चलाता है, गाड़ी किराए पर गई थी। इससे 1500 रुपये किराये देने की बात कहकर साथ ले गये थे। वो किराए के हिसाब से उनके साथ गया था। वहां उनके बीच लड़ाई-झगड़े से मुकेश का कोई लेना-देना नहीं। उसे घर आने के बाद बाद पता चला कि पुलिस उसे ढूंढ रही है और शंका के आधार पर पूछताछ करेगी। मुकेश राजी-खुशी और एक दम स्वस्थ था। रात को खाना खाकर घर के पास बाड़े में सो रहा था। पुलिस वाले आये और उसे अपने साथ ले गये और बेरहमी से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौत की बात घरवालों से छुपाई। डेथ होने के बाद भी परिजनों से छुपाया गया।

पुलिस वाले नशे में थे इनको खुद को नहीं पता कि इसकी डेथ



मृतक युवक।

कितने बजे हुई और इसे कितनी बजे हॉस्पिटल लेकर गये। ग्रामीणों ने पूरा थाना सस्पेंड करने मेडिकल टीम से पोस्टमार्टम करवाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाने की मांग की है। ग्रामीणों में पुलिसकर्मियों का भी मेडिकल करवाने की मांग की ताकि पुलिसकर्मी नशे में थे या नहीं थे इसका भी पता लग सके।

मृतक के परिजनों ने बताया कि रात को 10:30 बजे पुलिस वाले ने घर पर आकर आवाज दी। बाहर आया तो पुलिस वाले खड़े थे। उन्होंने मुकेश के लिए पूछा। मुकेश घर के पास बाड़े में सो रहा था, पुलिस वालों के साथ हम गए। वहां मुकेश सोया हुआ था उसको उठाया उसका हाथ पकड़ा और उसे साथ में बिठाकर ले गए। जब उनसे पूछा कि हुआ क्या लेकिन बताया नहीं और उसे गाड़ी में बैठा लिया। मैंने पूछा की बात तो बताओ लेकिन हमें कुछ नहीं बताया। बोला

- ग्रामीणों ने पूरा थाना सस्पेंड करने, मेडिकल टीम से पोस्टमार्टम करवाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाने की मांग की

कल सुबह थाने में आ जाना और वहां से गाड़ी में बैठ कर चले गये। मुकेश बिल्कुल स्वस्थ था, खाना खाकर सोया था। आज सुबह पुलिस वालों ने बताया कि तुम्हारा बच्चा बीमार हो गया है और उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। हम हॉस्पिटल पहुंचे तो बाहर दूसरे लोगों ने होने बताया कि तुम्हारा बच्चा नहीं है, उसकी डेथ हो चुकी है। वहीं देर शाम तक समझाइश का प्रयास जारी था।

# बिजली के पोल से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, दो की मौत

**सरवाड़, (निसं)।** अजमेर-कोटा राजमार्ग पर प्रतापपुरा के पास गुरुवार को बिजली के पोल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी खा गई। हादसे में ट्रैक्टर में सवार दो जनों की मौत हो गई। वहीं एक जना गंभीर रूप से घायल हो गया।

- हादसे में एक अन्य युवक घायल, मौके पर चीख-पुकार मची

जानकारी के अनुसार सरवाड़ की ओर से बिजली के पोल लेकर केकड़ी की ओर आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रैक्टर को क्रेन की सहायता से बाहर निकाला। हादसे के दौरान ट्रैक्टर में सवार एक युवक ने नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं तीन जने बिजली पोल के नीचे दब गए। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने बिजली पोल के नीचे दबे युवकों को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। क्रेन की मदद से तीनों को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस की मदद से केकड़ी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



बिजली के पोल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर में कुल चार लोग सवार थे। ट्रैक्टर के पलटने के साथ ही तीन लोग नीचे गिर गए जिनके ऊपर ट्रॉली में भरे खंभे गिर गए। एक व्यक्ति खंभों के नीचे पूरी तरह दब चुका था। वहीं एक व्यक्ति के ऊपर तीन खंभे थे। एक साथी थोड़ा दूर गिरने से चोटिल हो गया वहीं एक युवक ने ट्रैक्टर के पलटते समय कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में सरवाड़ निवासी ललित माली पुत्र लक्ष्मी नारायण माली व गोरधनपुरा निवासी हनुमान माली पुत्र रामधन माली की मौत हो गई। वहीं इन्द्रपुरा निवासी छगन पुत्र सत्यनारयण गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सरवाड़ थानाधिकारी सत्यवान सिंह ने घटना की जानकारी ली। यह ट्रैक्टर में सरवाड़ से पोल भरकर ले जा रहे थे।

# गौवंश से भरी पिकअप जब्त, एक गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुलिस व गौ रक्षा दल ने गौ वंश से भरी पिकअप जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष नीरज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार रात्रि को टोंक जिले से गौ रक्षा दल को पिकअप में गौवंश ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर गौ रक्षा दल के सदस्यों ने पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान देवली गौ रक्षा दल व मां बीजासन गौशाला समिति को इसकी सूचना दी गयी, जिस पर गौसेवक एवं हनुमान नगर थाना पुलिस के साथ चिंताहरण बालाजी मोड़ पर पिकअप के आने का इंतजार करने लगे।

वहीं रात्रि के करीब दो बजे पिकअप आई लेकिन मौके पर पुलिस व गौ सेवकों को देखकर तेज गति से पिकअप को भगाने का प्रयास किया,



पुलिस व गौ रक्षा दल ने गौवंश से भरी पिकअप जब्त की।

जल्दबाजी में रोडवेज को भी टक्कर मार दी। पिकअप के रुकते ही चालक व परिचालक भागने लगे तो पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया तथा गौ वंश दल ने पिकअप में बांधकर रखे गौ वंशों को मुक्त कराकर बायपास स्थित बीजसन माता गौशाला को सुपूर्द कर दिया। पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश के जावरा निवासी मोहसिन को डिटेन किया।

## अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर की सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। वहीं बजरी माफिया मौका पाकर भाग गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि डीएसटी टीम की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पप्पू ढाबे के सामने हाईवे पर नाकाबंदी की गई। जहां से गुजर रहे बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया, लेकिन बजरी माफिया चालक मौका पाकर फरार हो गया। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई टीम में थाना प्रभारी के साथ एसआई प्रयास सोम, डीएसटी प्रभारी योगेश तिवारी, कांस्टेबल रामरूप, श्रीपाल, सुल्तान शामिल रहे।

# 6.50 लाख का गोंद ले जाते सात गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** मुख्य वन संरक्षक राजीव चतुर्वेदी व उप वन संरक्षक डी.पी. जागावत के निर्देश पर कोटपूतली व आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर सीकर-कोटपूतली रोड पर सरूण्ड टोल नाके के पास एक बोलेरो पिकअप में 10 प्लास्टिक के कट्टों में वन ऊपज करीब पांच क्विण्टल गूगल गोंद को अवैध रूप से एकत्रित कर परिवहन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने गोंद का अवैध परिवहन करने पर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त गूगल के गोंद की अनुमानित बाजार कीमत 6 लाख 50 हजार बताई जा रही है।

सहायक वन संरक्षक सुशील चन्द यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत बुधवार को मुखबीर से सूचना



पुलिस ने गूगल गोंद का परिवहन करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मिली थी कि गूगल के गोंद का एक वाहन से अवैध परिवहन किया जा रहा है। इस पर मुख्य वन संरक्षक राजीव चतुर्वेदी व उप वन संरक्षक डी.पी.

- नाकाबंदी में सरूण्ड टोल नाके के पास बोलेरो पिकअप में 10 प्लास्टिक के कट्टों में पांच क्विण्टल गूगल गोंद बरामद किया

जागावत के निर्देश पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से कोटपूतली व आसपास के रास्तों पर नाकाबंदी की गई। कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी सतपाल ढीलाण, वनपाल अशोक कुमार गुर्जर, सहायक वनपाल दाताराम यादव, मीरसिंह, वनरक्षक मुकेश गुर्जर व अशोक कुमार सैनी सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## बुजूर्ग की हादसे में मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात नेशनल हाईवे 11 बी पर बड़ागांव के पास एक बुजुर्ग को कार ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अस्पताल की मॉर्चूरी में रखवा दिया। थानाप्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि हाईवे पर बड़ागांव के पास कार ड्राइवर ने तेज गति में कार दौड़ते हुए सड़क पार कर रहे 65 वर्षीय सैजाद पुत्र खैराती निवासी वैदल पाड़ा सरमथुरा को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सरमथुरा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बच्चे के गले पर चाकू रखकर विवाहिता से रेप

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर में एक कॉम्प्लेक्स में रहकर चौकीदारी करने वाली विवाहिता से रेप की वारदात करने का मामला सामने आया है। बुधवार रात बाइक पर आए दो बदमाशों में से एक ने महिला के साथ चाकू की नोक पर रेप किया। वहीं, पास में सो रहे अपने डेढ साल के बच्चे की जान बचाने के लिए महिला बिना चिल्ला, चुपचाप दरिंदगी को बर्दाश्त किया। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में विवाहिता से रेप की वारदात हुई। पीड़ित विवाहिता एक कॉम्प्लेक्स में पिछले 6 साल से

- दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

चौकीदारी का काम करती है। वहीं, इसी कॉम्प्लेक्स में बने चौकीदार के कमरे में अपने पति और डेढ साल के बच्चे के साथ रहती है। पीड़िता का पति ट्रक पर खलासी का काम करता है, जो 23 अप्रैल को ट्रक के साथ गुजरात चला गया था।

वहीं, पीड़िता अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ कमरे पर अकेली थी। विवाहिता बुधवार रात कमरे के बाहर बरामदे में अपने बच्चे के साथ सोई थी। रात करीब 11 बजे बाइक सवार दो युवक आए और युवकों ने उसे जगाकर चाकू दिखाया। बदमाशों ने चिल्लाने पर बच्चे को जान से मारने की धमकी दी, जिससे विवाहिता डर गई। इसके बाद दो में से एक युवक ने महिला के साथ बलात्कार किया। करीब 15 मिनट बाद दोनों युवक वहां से भाग गए। घटना के बाद पीड़िता ने अपने गांव में रहने वाले ननदोई और पति को सूचना दी। ननदोई और अन्य परिजन आज गुरुवार सुबह डूंगरपुर पहुंचे और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना देते हुए पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**अजमेर, (कासं)।** रेलवे द्वारा आगामी गर्मियों की छुट्टियों में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए साबरमती-पटना-साबरमती (01 ट्रिप) स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09477, साबरमती-पटना स्पेशल रेलसेवा 25 अप्रैल को साबरमती से 23.30 बजे रवाना होकर शनिवार को 08.30 बजे पटना पहुँचेगी। इसी तरह गाडी संख्या 09478, पटना-साबरमती स्पेशल रेलसेवा 27 अप्रैल शनिवार को पटना से 11.30 बजे रवाना होकर रविवार 19.40 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में मेहसाना, पालनपुर, आबूरोड, अजमेर, फुलेरा, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टूण्डला, कानपुर सैन्ट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, प दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 02 थर्ड एसी, 18 द्वितीय शयनयान, 02 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 24 डिब्बे होंगे।

# हॉस्पिटल की लापरवाही के चलते महिला मरीज की मौत

## एलर्जी की समस्या के चलते महिला हॉस्पिटल आई थी



महिला मरीज की मौत के बाद हॉस्पिटल के बाहर मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने हंगामा किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में स्थित हॉस्पिटल की लापरवाही के चलते एक महिला मरीज की मौत के बाद मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया।

जानकारी के अनुसार आसींद क्षेत्र के भैरुखेड़ा गांव की रहने वाली 60 वर्षीय जस्सू देवी पत्नी स्व. छोगा गुर्जर भीलवाड़ा अपने पीहर आई हुई थी। उनका अहमदाबाद के डॉक्टरों के जरिए एलर्जी का इलाज चल रहा था, दवाई की डोज ज्यादा होने के कारण परिजन डॉक्टरों से राय लेने के लिए महिला को लेकर हॉस्पिटल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद ऑपरेशन की बात कही। परिजनों का कहना है कि हॉस्पिटल प्रबंधन ने 15 से 20 मिनट ऑपरेशन चलने की बात कही, लेकिन ऑपरेशन में 5 से 6 घंटे का समय लिया और परिजनों को बिना बताए जस्सू देवी को वेंटीलेटर पर शिफ्ट करके हजारों रुपए की दवाई मंगवाई गई।

अच्छा खासा बिल बनाने के बाद परिजनों को जस्सू देवी की मौत की खबर दी गई, जबकि एलर्जी की समस्या के चलते जस्सू देवी हॉस्पिटल आई थी, लेकिन चिकित्सकों ने लापरवाही पूर्वक इलाज किया जिससे उनकी जान चली गई। मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने हॉस्पिटल के मुख्य द्वार को बंद कर प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर सुभाष नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाने की सलाह देते हुए परिजनों से समझाइश कर मामले को शांत करवाया।

# रेलवे ट्रैक पर बिजली के खंभे से लटका मिला युवक का शव

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर गंगापुर सिटी के पास रेलवे ट्रैक के बिजली के खंभे पर फंदे से युवक झूलता हुआ मिला। आरपीएफ की सूचना पर पीलोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को नीचे उतारकर गंगापुर अस्पताल लेकर आई, जहां से शिनाख्त के लिए शव को मॉर्चूरी में रखवाया। बाद में शिनाख्त होने पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया, लेकिन परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। फिलहाल पुलिस ने जांच का भरोसा देकर परिजनों को समझाया, जिसके बाद परिजन शव लेने के लिए माने।

- शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा
- परिजनों का कहना है कि युवक की हत्या की गई है

पीलोदा थाना अधिकारी ओमेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह जीआरपी थाना पुलिस ने सूचना दी कि दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के पास केंद्रीय स्कूल के पास एक युवक बिजली के खंभे पर फंदे से लटका है। जीआरपी की सूचना पर तिलोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को खंभे से नीचे उतारकर गंगापुर सिटी अस्पताल लेकर आई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव को मॉर्चूरी में रखवाया।

साथ ही पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए। पीलोदा थाना अधिकारी ओमेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के दाएं हाथ पर छोटेलाल संग कृष्णा जबकि बाएं हाथ पर मोर के पंख का निशान बना हुआ है। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मृतक की शिनाख्त नादोती थाना क्षेत्र के तेजगांव निवासी छोटेलाल बैरवा (24) पुत्र लक्ष्मण बैरवा के रूप में हुई। सूचना पर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। यहां पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया, लेकिन परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना है कि छोटेलाल की हत्या की गई है। पुलिस ने परिजनों से समझाइश की। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी। जिसके बाद परिजन शव लेने के लिए माने।

## आंगन में सो रही बुजूर्ग महिला से लूट

**डूंगरपुर, (निसं)।** साबला थाना क्षेत्र के पिंडावल गांव में बुधवार रात घर के आंगन में सो रही एक बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात सामने आई है। चार बदमाश महिला के एक कान से सोने के टॉप्स तोड़कर फरार हो गए। टॉप्स तोड़ने से महिला का कान कट गया, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साबला पिंडावल गांव निवासी नाथूराम सेवक ने बताया कि वह बुधवार रात को अपनी पत्नी तुलसी के साथ घर के आंगन में सोया था। इस दौरान चार बदमाश घर में घुस आए और उसकी पत्नी के एक कान से सोने के टॉप्स तोड़ लिए। बुजुर्ग दंपती के चिल्लाने पर बदमाश एक कान का टॉप्स लेकर फरार हो गए। हालांकि बुजुर्ग नाथूराम ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। टॉप्स तोड़ने से बुजुर्ग महिला का कान कट गया, जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में महिला का इलाज करवाया। पीड़ित नाथूराम ने साबला थाने को घटना की रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कृषि उपज मंडी का व्यापारी किसानों की फसल के लाखों रुपए लेकर फरार

## किसानों ने कृषि उपज मंडी में हंगामा किया और मुख्य द्वार पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** हिंडौन शहर के कैलाश नगर स्थित कृषि उपज मंडी में संचालित एक आडत फर्म का मालिक किसानों की फसल के लाखों रुपए लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे किसानों ने कृषि उपज मंडी में हंगामा मचा दिया और मुख्य द्वार पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। इधर पीड़ित किसानों ने नई मंडी पुलिस थाना पहुंचकर आरोपी व्यापारी के खिलाफ अलग-अलग प्राथमिकी पेश की हैं।

समीप के गांव मंडावर निवासी किसान प्रेम सिंह, अभय उसके भाई सिमरन सिंह ने नई मंडी पुलिस थाने में पेश की गई प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि कृषि उपज मंडी की फर्म जगनलाल ताराचंद पर गत लगभग 15 वर्षों से वह अपनी कृषि जिंसों को बेचने के लिए जाते थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए लिखा है कि फर्म पर विश्वास जताते हुए वर्ष 2013 से 2022 तक की पैदावार को उन्होंने फर्म जगनलाल ताराचंद के मालिक देवीलाल के माध्यम से बचा था। आरोप लगाते हुए कहा है कि 10 वर्ष की पैदावार की बिक्री के 22 लाख रुपए उस पर बकाया चल रहे थे। इस रकम का ब्याज देने का भी व्यापारी ने वादा किया था। इसके अलावा गत दो वर्षों की पैदावार भी इन दोनों किसान भाइयों ने व्यापारी के पास बेची। जिसकी कीमत 5 लाख 14145 बताई जा रही है। यह राशि भी व्यापारी पर बकाया रह गई। जिसका ब्याज सहित भुगतान करने का वादा किया था।

आरोप लगाया जा रहा है कि इन दोनों भाइयों को गुरुवार दोपहर सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी में इस फर्म की दुकान और गोदाम पर ताला लगा हुआ है। सूचना मिलते ही दोनों भाई कृषि उपज मंडी पहुंचे जहां उसे तलाश किया। लोगों से पूछने के बाद पीड़ित किसान व्यापारी के घर भी जा पहुंचे। जहां पड़ोस के लोगों से सूचना मिली कि गति दिवस ही व्यापारी अपने परिवार के साथ कहीं दूसरी जगह किराए के मकान में रहने की बात कह कर चला गया है। जैसे ही अन्य लोगों को भी इस घटना की सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी का एक व्यापारी फरार हो गया है तो कुछ घंटे में ही जिनके रुपये इस व्यापारी पर बकाये थे उनकी भीड़ कृषि उपज मंडी में लग गई। इस दौरान पीड़ित किसानों ने कृषि उपज मंडी में हंगामा मचा दिया और मुख्य द्वार पर ताला लगाकर प्रदर्शन भी किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की समझाइश की और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान नई मंडी पुलिस थाना पहुंचे जहां आरोपी व्यापारी के खिलाफ अलग-अलग प्राथमिक की पेश की।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PHED PROJ. DIVISION KARAULI**
HQ TODABHIM (email- eecsnpkaroli@gmail.com)
**NOTICE INVITING BID**

Bid for various work in Proj Division Karauli HQ Todabhim is invited, interested bidders may participated up to 29.04.2024. Bidder may be visited on the procurement portal for other particulars at sppp.raj.nic.in of the state.

NIB CODE- NIB CODE- PHE2324A6497

| S.N | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|
| 1 | 188/2023-24 | PHE2324WSOB15639 |
| 2 | 189/2023-24 | PHE2324WSOB15640 |

Executive Engineer
Public Health Engineering Department
Proj. Division Karauli HQ Todabhim
DIPR/C/3416/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड करौली**
क्रमांक-197-205 **नीलामी सूचना** दिनांक-22.04.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोर्ट कैम्पस करौली (जिला मुख्यालय) पर पूर्व में निर्मित जर्जर ए.डी.जे. कोर्ट बिल्डिंग को डिस्मेन्टल करने के उपरान्त प्राप्त लोहे एवं पत्थर के मैटेरियल एवं भवन सीमा में आ रहे पेडों जिनकी अनुमानित लागत 2.86 लाख (अक्षरे दो लाख छियासी हजार मात्र) है, को नीलाम किया जाना है। उक्त नीलामी की खुली बोली दिनांक 29.04.2024 को दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक कोर्ट कैम्पस करौली में गठित कमेटी द्वारा सार्वजनिक रूप से की जावेगी। अतः इच्छुक खरीददार/बोलीदार को जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथी एवं समय पर उपस्थित होकर निर्धारित अमानत राशि जमा कराने के उपरान्त बोली लगा सकते है। नीलामी की विज्ञप्ति एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रात-9.30 बजे से सायं 3.00 बजे तक कार्यालय सहायक अभियन्ता सा.नि.वि. उपखण्ड प्रथम करौली में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

(चन्द्र प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड करौली
DIPR/C/3412/2024

# डॉक्टर्स प्रिसिजन आंकॉलोजी के इनोवेट इंटीग्रेट तथा अपडेट पर करेंगे चर्चा

**बीकानेर,**(कासं)। आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केन्द्र, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज तथा एसोसिएट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स द्वारा मेडिकल कॉलेज में 27 व 28 अप्रेल को हिमेटोलॉजी सिंपोजियम प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी विषय पर राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।



हिमेटोलॉजी सिंपोजियम राज्य स्तरीय सेमिनार के बारे में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी।

सेमिनार आयोजन समिति के सचिव डॉ. पंकज टांटिया ने गुरूवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि इस सेमिनार में ब्लड कैंसर डिसऑर्डर, बाल रोग, विकृति विज्ञान, प्रयोगशाला चिकित्सा, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट साथ ही क्लीनिकल हेमाटो-आंकोलॉजी और पैथोलॉजी आदि विषयों पर देश के ख्याति प्राप्त हिमेटॉलॉजिस्ट ऑन्कोलॉजिस्ट तथा बोनमेरो विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित कुल 24 से 25 विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा गंभीर एवं विस्तृत चर्चा की जायेगी।

इस सेमिनार मे कुल 46 रिसर्च पेपर प्रजेंट किये जायेंगे। प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने पत्रकारों को बताया कि ऐसे आयोजन से डॉक्टर्स का ज्ञान बढ़ता है जिसका प्रत्यक्ष लाभ मरीजों को मिलता है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, डॉ. एस. एस. कुमार, डॉ. सुरेन्द्र बेनिवाल, डॉ. आयुषी श्रीवास्तव, डॉ. संदीप भास्कर, डॉ. अरूण भारती ने भी हिमेटोलॉजी सिंपोजियम पर अपने विचार व्यक्त किये।

डॉ. टांटिया ने बताया कि सेमिनार के मुख्य संरक्षक सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी, संरक्षक डॉ. एस.एस. कुमार तथा चेयरपर्सन डॉ. सुरेन्द्र बेनिवाल होंगे। डॉ. संदीप भास्कर ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सेमिनार मे जूनियर एवं सीनियर रेजिडेंट्स डॉक्टर्स के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित होंगे जिसमे बोनमेरो ट्रांसप्लांट एवं ब्लड कैंसर से जुडी नवीन जानकारी प्राप्त होगी। गुजरात कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट अहमदाबाद से हिमेटोलॉजी एंड बोनमेरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. संदीप शाह, फोर्टिस हॉस्पिटल दिल्ली के कैंसर विभाग के निदेशक एंड हैड डॉ. राहुल भार्गव, भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल जयपुर से डॉ. उपेंद्र शर्मा सेमिनार के प्रमुख वक्ता होंगे। इस सेमिनार के तहत डॉ. एस.पी. व्यास के निर्देशन में पैथेलॉजी वर्कशॉप, डॉ. अरूण भारती

- **हिमेटोलॉजी सिंपोजियम राज्य स्तरीय सेमिनार 27 व 28 को**

के निर्देशन में वर्कशॉप ऑन पेरिफेरल ब्लड स्टेम सेल हार्वेस्टिंग तथा डॉ. आयूषी श्रीवास्तव के निर्देशन में बोनमेरो एस्पीरेशन एंड बायोप्सी वर्कशॉप तथा बोनमेरो मोरफोलॉजी वर्कशॉप का आयोजन होग। सेमिनार के दौरान अतिथि वक्ता डॉ. अभिषेक पुरोहित, मुख्य वक्ता डॉ. सोनम होंगे. सेमिनार के प्रोग्राम मोडरेटर डॉ. आयूषी श्रीवास्तव तथा प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. अंकिता जायसवाल होंगे।

आयोजन समिति के सचिव डॉ. पंकज टांटिया ने बताया कि डॉ. नीति शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, डॉ. पर्मेन्द्र सिरोही, डॉ. बी.के. गुप्ता, डॉ. शंकर लाल झाखड़, डॉ. संदीप भास्कर, डॉ. संजय कोचर, डॉ. आर.के. सोनी, डॉ. एस.पी. व्यास, डॉ. अरुण भारती, डॉ. सोनम सेमिनार के दौरान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सेमिनार में डॉ. स्वाति कोचर की अध्यक्षता मे पहली बार प्रसूति विभाग के लिए अलग से हिमेटोलॉजी सेशन भी आयोजित किया जा रहा है।

## 30 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं पर जिले के 30 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

खुदरा लाइसेंस फर्मों के फार्मासिस्ट श्वेता रानी संख्या 70237, श्री मांगीलाल संख्या 44271, संदीप कुमार संख्या 25344, यशपाल अरोड़ा संख्या 8047, मनु चावला संख्या 46183, रविकांत बिश्नोई संख्या 65665, रामदास जुनेजा संख्या 10489, प्रियवंशी परणामी संख्या 23528, प्रभुदयाल संख्या 3616, गोपीराम शर्मा संख्या 3331 के विरुद्ध कार्रवाई हेतु राजस्थान फार्मेसी काउंसिल को भी प्रकरण भेजे गए है।

लाइसेंसी अथॉरिटी एवं सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि जिले के 30 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस दो दिन की अवधि से लेकर 15 दिन की अवधि तक के लिए निलंबित किए गए है। उन्होंने बताया कि टिब्बी के सुरेवाला स्थित टीएस मेडिकोज, सहजीपुरा के शर्मा मेडिकोज, हनुमानगढ़ टाउन नई आबादी के श्री राधे मेडिकल स्टोर, नई खुंजा स्थित न्यू गुरूकृपा मेडिकल स्टोर, लीलावली के राजेंद्रा मेडिकल स्टोर, औद्योगिक क्षेत्र हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित सुकंठ मेडिकल स्टोर, मानकसर स्थित दशमेश मेडिकल स्टोर, जन्डावाली स्थिति चंडी मेडिकल स्टोर, ढाबा स्थित जय हिंद मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित किए।

## सार-समाचार

### इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल 29 से



राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में यूथ फेस्टिवल की तैयारी बैठक को डॉ. वीरसिंह ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में लंबे समय बाद 29 अप्रैल से 1 मई तक इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए लंबे समय बाद इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जिसके सफल आयोजन को लेकर आयोजन, समन्वय समेत कुल 13 समितियों का गठन किया गया है। यूथ फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर स्थित छात्र कल्याण निदेशालय में गुरूवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ वीर सिंह ने यूथ फेस्टिवल के सफल आयोजन को लेकर बनाई गई समितियों के समन्वयकों के साथ विद्यार्थियों के ठहरने, पुरस्कार वितरण, आयोजन स्थल इत्यादि को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। स्नातकोत्तर अधिष्ठाता व फेस्टिवल को लेकर बनाई गई सांस्कृतिक समन्वयक डॉ दीपाली धवन ने बताया कि यूथ फेस्टिवल में थियेटर इवेंट, फाइन आर्ट व लिटरेचर वर्ग के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य (लोक नृत्य), हल्का स्वर वाला एकल गीत, समूह गीत (इंडियन) , तात्कालिक भाषण, रंगोली, वाद-विवाद ( हिंदी-अंग्रेजी), पोस्टर, कोलाज बनाना, कार्टून, नाटक, माइम, रंगोली का आयोजन किया जायेगा, जिसमें छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकेंगे।

### सी.एच.सी.में वाटर कूलर भेंट



भामाशाह चौधरी दयाराम ने अपनी माताजी की स्मृति में गोलूवाला सी.एच.सी. में वाटर कूलर भेंट किया।

**गोलूवाला,** (कासं)। भामाशाह चौधरी दयाराम सिहाग ने गोलूवाला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में आने वाले मरीजों के लिए वाटर कूटर भेंट किया। जिले में गर्मी का मौसम दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। ऐसे में गर्मी के मौसम में मरीजों एवं उनके साथ आने वाले परिजनों को ठण्डे पानी की सुविधा मिलेगी। चौधरी दयाराम सिहाग के सुपुत्र एवं समाजसेवी संतोष सिहाग ने बताया कि यह वाटर कूलर उनकी माताजी की याद में सीएचसी को भेंट किया गया है। यह वाटर कूलर सीएचसी के वेंटिंग हाल में लगवाया गया है, जहां मरीजों एवं उनके साथ आए परिजनों को ठण्डा पानी पीने को मिलेगा। वाटर कूलर की आज विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर भामाशाह चौधरी दयाराम सिहाग, संतोष सिहाग, सीएचसी प्रभारी डॉ. चिराग मोदी, डॉ. रामकुमार सहु, राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल मनोहर लाल बिशु, वाइस प्रिंसिपल सुखदेव गोदारा, मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य श्योपत नाथ, सीएचसी अकाउंटेंट प्रकाशचंद्र, कम्प्यूटर ऑपरेटर गुरजीत सिंह एवं गांववासी मौजूद थे।

### योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार के उद्देश्य को केन्द्र में रखकर पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से लगातार आयोजित होने वाले स्कूली ग्रीष्मकालीन अवकाश पर सभी वर्ग के बच्चों के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन इस बार भी 12 मई से बाबा रामदेव पार्क मुरलीधर व्यास नगर रोड़ में आयोजित किया जायेगा। शिविर के संचालक नंदकिशोर गहलोत ने बताया कि हर बार की भांति इस बार भी सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों व बच्चों के लिए शिविर में योग-प्राणायाम, स्वदेशी-खेलकूद, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता,जन जागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता-अभियान, पक्षियों के लिए पालसिया (परिंडे)अभियान, निबंध प्रतियोगिता, सनातन वैदिक मंत्र उच्चारण गीता श्लोक,भाषण इत्यादि विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का संचालन होगा। लगभग 1 माह 15 दिन तक चलने वाले इस शिविर के समापन अवसर पर सांस्कृतिक आयोजन भी होगा। जिसमें नियमित भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया जायेगा। इस शिविर में अनेक समाजसेवी द्वारा प्रतिदिन की गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहन भी दिया जाता है।

### केन्द्रीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव आज

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर स्थित केन्द्रीय विद्यालय चूरू में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जायेंगा। प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि 26 अप्रैल को शुक्रवार को शाम छह बजे जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण करेंगी। प्राचार्य चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जायेगी एवं विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जायेंगी।

## सीडी फोर जांच मशीन नहीं होने से एड्स रोगी परेशान!

- **हनुमानगढ़ जिला अस्पताल में एआरटी सेंटर खुलने के बावजूद एचआईवी संक्रमितों को सीडी फोर जांच के लिए जयपुर जाना पड़ता है**

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिला अस्पताल में एआरटी सेंटर खुलने के बावजूद एचआईवी संक्रमितों को सीडी फोर जांच के मामले में पूरी तरह से राहत नहीं मिल सकी है। एआरटी सेंटर का संचालन शुरू होने से उम्मीद जागी थी कि अब रोगियों की यहां पर जांच हो सकेगी। मगर महीनों गुजरने के बावजूद हनुमानगढ़ एआरटी सेंटर को सीडी फोर जांच संबंधी मशीन उपलब्ध नहीं कराई गई है।

ऐसे में रोगियों के सैंपल संग्रहित कर एलटी के जरिए जांच वास्ते जयपुर भेजने पड़ रहे हैं। वर्ष भर सैंपल जांच का कार्य चलता रहता है। एलटी के जरिए सैंपल जयपुर भेजकर जांच करवाने पर अधिक सरकारी धन खर्च होता है। हनुमानगढ़ में सीडी फोर जांच मशीन मिल जाए तो सरकारी साधन व संसाधनों का अपव्यय बंद हो सकता है। रोगियों को भी राहत मिल सकेगी।

नियमानुसार एआरटी सेंटर का संचालन जहां होता है, वहां ही रोगियों को सीडी फोर जांच की सुविधा भी मिलती है। मगर साढ़े तीन बरस से अधिक समय बीतने के बावजूद नाको ने सीडी फोर जांच के लिए मशीन व अन्य उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए हैं। इसकी वजह यह है कि एआरटी सेंटर स्वीकृत होने के बाद इसका संचालन शुरू होने में तय से अधिक समय लग गया था। ऐसे में मशीन वगैरह की आपूर्ति एक बार लम्बित हुई तो फिर इंतजार निरंतर बढ़ता ही चला गया।

जिला अस्पताल में एआरटी सेंटर वर्ष 2014 में ही स्वीकृत हो गया था। मगर इसके संचालन में विलम्ब हुआ और वर्ष 2020 में एआरटी सेंटर संचालित हो सका। क्योंकि राष्ट्रीय एड्स कंट्रोल सोसायटी (नाको) ने इसके लिए संसाधन उपलब्ध कराने में देरी की। ऐसे में एआरटी की बजाय लिंक एआरटी सेंटर ही संचालित होता रहा। एआरटी सेंटर का लाभ यह है कि सीडी फोर जांच के लिए रोगी को अन्यत्र नहीं जाना पड़ता। इसके लिए वहीं पर मशीन उपलब्ध करवाई जाती है।

जांच के बाद नियमित रूप से दवा चलती है। जहां लिंक एआरटी होता है वहां पर जांच में एचआईवी संक्रमित पाए जाने पर रोगी को रैफर किया जाता है। उसकी वहां पॉजीटिव मिलने पर सीडी फोर जांच होती है। हनुमानगढ़ में एआरटी सेंटर संचालित है। मगर सीडी फोर जांच यहां नहीं हो पा रही है।

एचआईवी पॉजीटिव पाए जाने पर रोगी की सीडी 4 जांच होती है। सीडी फोर 250 से कम होने पर यह एड्स का रूप ले लेती है। डॉ. मुकेश पोटलिया, पीएमओ, जिला अस्पताल का कहना है कि जिला अस्पताल स्थित एआरटी सेंटर में सीडी फोर जांच के लिए मशीन नहीं है। रोगियों के सैंपल जांच के लिए जयपुर भेजते हैं।

## सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा

**बीकानेर,** (कासं)। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सहायक निदेशक लोक सेवाएं यक्ष चौधरी ने कहा कि सभी विभाग अपने यहां लंबित प्रकरणों का समय पर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

पोर्टल पर दर्ज प्रकरण यदि निरस्त किया जाना है तो जवाब में कारण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से अपने स्तर पर लॉगिन करें तथा जवाब पढ़ने के बाद ही अपलोड करवाएं। परिवादी की संतुष्टि और गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू ने अधिकारियों को प्रतिदिन प्रकरणों का रिव्यू करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का आटोएस्केलेशन नहीं हो इसके लिए सभी स्तर पर नियमित लॉगिन हो या सुनिश्चित किया जाए। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार आदि मौजूद थे।

## कृषि उपज मंडी में खरीद केन्द्र का जायजा लिया

- **कलेक्टर ने मंडी स्थित खरीद केन्द्र का निरीक्षण करते हुए इन केन्द्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए**

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं और सरसों खरीद का लाभ दिलाने के लिए फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), कृषि उपज मंडी तथा सहकारिता विभाग को समन्वय कर जिले के सभी केन्द्रों पर खरीद कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने बीकानेर कृषि उपज मंडी में स्थापित खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीद कार्य का जायजा लिया और कहा कि जिले में जिन केन्द्रों पर अभी तक खरीद प्रारम्भ नहीं हुई है वहां जल्द से जल्द कार्य शुरू किए जाए। जिला कलक्टर ने एफसीआई, कोऑपरेटिव तथा मंडी अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक भी ली और इस कार्य में आपसी संवाद कर समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसानों को फसल का सही दाम समय पर मिले इसे सुनिश्चित किया जाए। सरसों खरीद का जो लक्ष्य दिया गया है उसे प्राप्त किया जाए। इसके लिए अन्य केन्द्रों पर भी खरीद की अनुमति लेकर खरीद शीघ्र प्रारम्भ करवाएं।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि वर्तमान में जिले में गेहूं की खरीद एफसीआई द्वारा की जा रही है तथा सरसों का खरीद का काम कोपरेटिव द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में तेजी लाने से किसानों को उपज का समुचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। वृष्णि ने कहा कि सभी किसानों को एम एस पी खरीद के बाद समय पर भुगतान मिलना भी सुनिश्चित हो।

जिला कलेक्टर ने मंडी स्थित खरीद केन्द्र का निरीक्षण करते हुए इन केन्द्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## तारानगर एस.डी.एम. पर वकीलों का गुस्सा फूटा

**तारानगर** (निसं)। तारानगर उपखण्ड अधिकारी व तारानगर बार एसोसिएशन के बीच आजकल छत्तीस का आंकडा चल रहा है।

तारानगर अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेन्द्र यादव के नेतृत्व में वकीलों ने उपखण्ड कार्यालय पहूंच कर उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार का पुतला फूंकते हुए उसके खिलाफ चिलचिलाती धूप में जोरदार नारेबाजी की । इस अवसर पर मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञापन भी जिला कलेक्टर चूरू के मार्फत भेजा गया।

यादव ने ज्ञापन में बताया कि उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार ने बार संघ के अधिवक्ताओं के साथ अमर्यादित व्यवहार किया, उक्त अधिकारी द्वारा राजस्व विभाग के पटवार संघ, कानूनगो संघ के कर्मचारीयों के साथ किये अशिष्ट व्यवहार को लेकर उन्होने भी बहिष्कार कर रखा है जिसके बार में प्रशासन के उच्चाधिकारीयों को अवगत करवाया जा चुका है, यादव ने ज्ञापन में बताया कि चुनाव के दौरान उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार ने राजकीय महाविद्यालय के प्रार्चाय के साथ भी अशोभनीय व्यवहार किया गया है। यादव ने बताया कि उक्त एसडीएम रवि कुमार के व्यवहार से आमजन भी त्रस्त है।

## नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**हनुमानगढ़,** (कासं)। नशे की चपेट में आकर युवक एक-एक करके जान गंवा रहे हैं। नशे की ओवरडोज एक और युवक की मौत का कारण बन गई। इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में मर्ग दर्ज हुई है। पुलिस के अनुसार नानकराम (53) पुत्र सोहनलाल सांसी निवासी वार्ड 39, टाउन ने बताया कि उसका लडका मोहनलाल (29) नशा करने का आदी था। अत्यधिक नशा करने से मोहनलाल की मौत हो गई। उसका शव बिश्नोई धर्मशाला के पीछे स्थित हनुमान मंदिर के पास मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## जेईई मेन 2024 : हिमांशु की ऑल इंडिया 22वीं रैंक

**सीकर.** (नि.सं.)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2024 का परिणाम जारी कर दिया है। परिणामों में एलन सीकर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। एलन सीकर के सेंटर हैड सुरेन्द्र सहारण ने बताया कि एलन सीकर के क्लासरूम स्टूडेंट हिमांशु ने 100 पर्सेन्टाइल स्कोर के साथ 300 में से 300 परफेक्ट स्कोर हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 22 प्राप्त की है। जबकि पांच विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया टॉप 500 रैंक में स्थान प्राप्त किया है।

सहारण ने बताया कि एलन सीकर के स्टूडेंट अंकित ने ऑल इंडिया रैंक 166, विष्णु ने 201, हर्षित कालेर ने 442 तथा ईशान शर्मा ने 477 वीं रैंक हासिल की है। जबकि 11 विद्यार्थियों ने 99.9 परेन्सटाइल से अधिक स्कोर किया हैए जोकि सीकर में सर्वाधिक है। इसके साथ ही 46 विद्यार्थियों ने 99.5 परेन्सटाइल से अधिक स्कोर किया है। सहारण ने बताया कि इंजीनियिरंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में एलन सीकर के स्टूडेंट्स लगातार बेहतर परिणाम दे रहें है। पिछले दस परिणामों में 8 बार एलन सीकर से विद्यार्थी सिटी टॉपर रहे हैं। जेईई डिवीजन के हेड आशुतोष कौशिक ने बताया कि एलन सीकर शेखावाटी का एक मात्र ऐसा संस्थान है जिसने लगातार 4 साल जेईई मेन में 100 पर्सेन्टाइल के साथ अपनी श्रेष्ठता साबित की है। जेईई मेन 2024 के रिजल्ट में विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर केक काटा गया।

एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के दो वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। वहीं रैंक.2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेस संजय मिश्रा व रैंक.4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे। इसके साथ ही टॉप.100 में 34 स्टूडेंट्स ने स्थान बनाया है। 19 स्टूडेंट्स ने ओवरआल 100 पर्सेन्टाइल स्कोर किया है।

## 'शिवपुर हैड-हिन्दुमलकोट-क्यू हैड पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जायेगा'

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला पर्यटन विकास स्थाई समिति की बैठक गुरूवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।



गंगानगर जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने संबोधित किया।

एडीएम ने शिवपुर हैड, नग्गी व हिन्दुमलकोट में कार्य प्रगति को लेकर समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी कार्य पूर्ण नहीं हुए है, उनमें प्रगति लाई जाये। उन्होंने एसडीएम सूरतगढ़ को क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिये स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक कृष्ण कुमार द्वारा पर्यटन से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिले में कार्य प्रगतिरत हैं। पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये गंगानगर जिले में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत गंगानगर स्थापना दिवस पर शिवपुर हैड़ पर एक दिवसीय कार्यक्रम और सूरतगढ़ में 'एक शाम धोरों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिवपुर हैड-हिन्दुमलकोट-क्यू हैड पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जायेगा। शिवपुर हैड के पास पौण्ड बनाकर बोटिंग की व्यवस्था के संबंध में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई। जिला पर्यटन अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने अब तक हुई कार्यवाही से उपस्थितजनों को अवगत करवाया।

इस अवसर पर एडीएम सतर्कता नरेन्द्र पाल सिंह, नगर विकास न्यास

- **जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित**
- **शिवपुर हैड के पास पौण्ड बनाकर बोटिंग की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई**

सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, एसडीएम सूरतगढ़ सीता शर्मा, जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला, जल संसाधन विभाग के एक्सईन नमो नारायण मीणा, डिस्कॉम एसई लाभ सिंह मान, डीएफओ दिलीप सिंह राठौड, जिला उद्योग केन्द्र से दिव्या शर्मा, पीडब्लयूडी एसई पदम प्रकाश कोठारी, रमेश सुथार, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के विनोद स्वामी, सुनील तिवारी॰सहित अन्य मौजूद थे।

## 'राजेन्द्र जोशी की कविताओं में आम आदमी के संघर्ष की वेदना'

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन कोलकाता के तत्वावधान में हिन्दी एवं राजस्थानी के प्रख्यात लेखक कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी का केन्द्रीय कार्यालय कोलकाता में अभिनंदन सम्मान किया गया।

अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि उप समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र तुलस्यान थे। इस अवसर पर लोहिया ने कहा कि राजेन्द्र जोशी का भाषा के प्रति निष्ठा एवं लगन के कारण ही राजस्थानी मान्यता भाषा आंदोलन को बल मिला है। लोहिया ने कहा कि राजेन्द्र जोशी की कविताओं और कहानियों में आम आदमी के संघर्ष की वेदना को रेखांकित गया है।

उन्होंने जोशी का अभिनंदन करते हुए कहा कि जोशी का अभिनंदन राजस्थानी साहित्य एवं संस्कृति का अभिनंदन है। इस अवसर पर कैलाशपति तोदी ने कहा कि राजेन्द्र जोशी का राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति से गहरा जुड़ाव है।



राजस्थानी-हिन्दी के लेखक राजेन्द्र जोशी का कोलकाता में शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि वह लेखक होने के साथ ही सोशल एक्टिविस्ट के रूप में समाज को महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। इस अवसर पर नरेन्द्र तुलस्यान ने राजेन्द्र जोशी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनकी सामाजिक सेवाओं एवं साहित्य सेवाओं पर चर्चा की। जोशी के साथ समाजशास्त्री आशा जोशी का भी शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।




संजू की कप्तानी में राजस्थान की टीम आईपीएल 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है और सात जीत के साथ अंकतालिका में टॉप पर चल रही है। संजू इस समय अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत रहे हैं। - शशि थरूर

कांग्रेस सांसद ने आरआर के कप्तान संजू सैमसंन के बारे में कहा।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## विराट कोहली

विराट कोहली को ऐसे ही रिकॉर्ड्स का शहंशाह नहीं कहा जाता। आईपीएल 2024 में चाहे अच्छा प्रदर्शन ना कर रही हो और प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर खड़ी हो, लेकिन विराट कोहली का बल्ला खूब रनों की बारिश करने में लगा है। कोहली अब मौजूदा सीजन में 400 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं और ऑरेंज कैप भी अभी उन्हीं के पास है। इसके अलावा वो आईपीएल के इतिहास में 10 अलग-अलग सीजन में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले भी पहले खिलाड़ी बन गए हैं। विराट कोहली आईपीएल 2008 से ही के लिए खेलते आ रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# लगातार छह हार के बाद आरसीबी को मिली दूसरी जीत

## हैदराबाद को उसी के घर मे 35 रनों से हराया, कोहली-पाटीदार की फिफ्टी कर्ण-स्वप्निल और ग्रीन को 2-2 विकेट मिले



**हैदराबाद**, 25 अप्रेल।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने -2024 में दूसरा मैच जीता है। टीम ने सीजन के 41वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराया। बेंगलुरु सीजन में लगातार 6 मैच हारने के बाद जीती है, जबकि हैदराबाद ने लगातार 4 जीत के बाद कोई मुकाबला गंवाया है।

हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन ही बना सकी।

से विराट कोहली (51 रन) और रजत पाटीदार (50 रन) ने फिफ्टी जमाई। कैमरन ग्रीन ने 20 बॉल पर नाबाद 37 रन बनाया, जबकि कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 25 रन का योगदान दिया। जयदेव उनादकट ने 3 विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस, टी नटराजन और मयंक मारकंडे को एक-एक विकेट मिला। से शाहबाज अहमद ने 40 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान पैट कमिंस और अभिषेक शर्मा ने एक समान 31-31 रन बनाए। डेब्यू कर रहे स्वप्निल सिंह, कर्ण शर्मा और कैमरन ग्रीन को 2-2 विकेट मिले।

आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। चौथे ओवर में थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट और रजत पाटीदार ने तीसरे विकेट लिये बड़ी साझेदारी करने का प्रयास किया। इसी दौरान 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट ने तीन विकेट लिये। थंगारसु नटराजन को दो विकेट मिले। पैट कमिंस और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का चेन्नई एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत



चेन्नई, 25 अप्रेल। टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश स्वदेश लौट आए हैं। जिसके बाद चेन्नई एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

वहीं गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र एक घंटे पहले ही से कतार बनाकर हवाई अड्डे पर उनका इंतजार कर रहे थे।इसके अलावा कई फैंस भी मौजूद थे। 17 वर्षीय गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई गईं। इस दौरान पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी।

वहीं गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि, मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह खास उपलब्धि है। मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया। उन्होंने आगे कहा, ''यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने अप्पा, अम्मा, कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और स्कूल को भी धन्यवाद दूंगा।'' गुकेश की मां पद्मा अपने परिजनों के साथ उन्हें लेने आई थी। गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन रजनीकांत ने उनकी तैयारियों के लिये अपनी प्रेक्टिस छोड़ दी थी और उनके साथ टोरंटो गए थे।

वहीं भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने करिश्माई पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी और स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के भारी दबाव को झेलने के तरीके की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इन दो विशेष खिलाड़ियों से प्रेरणा लेते हैं। सत्रह बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे।

## दिल्ली में 500 युवा क्रिकेटरों को किट बांटी

नयी दिल्ली, 25 अप्रेल। आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता कंपनी डीपी वर्ल्ड ने 'बियोन्ड बाउंड्रीज' पहल के तहत दिल्ली के एकेडमियों से जुड़े 500 युवा किक्रेटरों को क्रिकेट किट वितरित कर रही है। कंपनी ने यहां कहा कि यह पहल क्रिकेट के विकास को समर्थन करने की कंपनी की एक वैश्विक मिशन का हिस्सा है, जिसकी आपूर्ति विशेष उद्देश्य से तैयार 50 पुनर्निर्मित शिपिंग कंटेनरों के माध्यम से की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर के क्रिकेट क्लबों के पास खेल खेलने के लिए आवश्यक किट, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों। दो कंटेनरों से दिल्ली क्षेत्र में बाल भारती और बाल भवन सहित अन्य एकेडमी के 500 युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा। दोनों कंटेनरों को बाहर से अनूठी कलाकृति से सजाया गया है जो क्रिकेट की भावना और दिल्ली शहर के साथ इसके संबंधों को दर्शाते हैं और ये कंटेनर लाभार्थियों के लिए चेंजिंग रूम और विश्राम पवेलियन्स के रूप में भी काम करेंगे।

बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के लॉन्च मौके पर दिल्ली कैपिटल्स टीम के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के अलावा टीम के प्रमुख खिलाड़ियों डेविड वार्नर, एनरिक नॉर्टजे, यश ढुल और पूनम यादव ने शिरकत की।

## मिचेल स्टार्क चयन के लिए उपलब्ध है : रमनदीप सिंह



कोलकाता, 25 अप्रेल। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हरफनमौला खिलाड़ी रमनदीप सिंह ने मिचेल स्टार्क की चोट की चिंता को खारिज करते हुए कहा कि वह चयन के लिए उपलब्ध हैं। इस स्टार तेज गेंदबाज ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले से पहले थोड़ी ट्रेनिंग भी की। स्टार्क आठ साल बाद लीग में उस तरह की वापसी नहीं कर पाये हैं जिसकी उन्हें उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने इस सत्र में बहुत रन लुटाये हैं और केवल छह विकेट ही ले पाये हैं।

कथित तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच के दौरान उनके गेंदबाजी करने वाले हाथ की ऊंगली में चोट लग गई थी। स्टार्क ने दो अभ्यास सत्रों में नेट पर गेंदबाजी नहीं की जिससे अटकलें तेज हो गयीं कि इस आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आराम दिया जा सकता है। लेकिन रमनदीप ने कहा कि स्टार्क चयन के लिए उपलब्ध हैं। रमनदीप ने कहा, "हां, वह उपलब्ध हैं। इसका संबंध उनके कार्यभार प्रबंधन से है।

## भारत के घरेलू क्रिकेटर्स की बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। बीसीसीआई अब घरेलू क्रिकेटर्स पर भी पैसों की बारिश कर सकती है। दरअसल, बोर्ड जल्द ही घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी से इसका प्लान तैयार करने को कहा है। ये फैसला ऐसे वक्त में लिया गया है जब हाल ही में बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को फायदा पहुंचाने के इरादे से इंसेंटिव स्कीन शुरू की है। बता दें कि, बीसीसीआई का मानना है कि जो खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेलते हैं उन्हें इसका फायदा मिल सकता है। बीसीसीआई के नए प्लान के मुताबिक घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की संख्या के आधार पर सालाना 1 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख से 1 करोड़ रुपये तक सालान सैलरी दे सकती है। मौजूदा वक्त में घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर सैलरी मिलती है।

## अंडर-22 और युवा चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति



नई दिल्ली, 25 अप्रेल। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी।

पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किठा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। युवा महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांक्षा (70 किग्रा) देश की चुनौती की अगुवाई करेंगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाक नहीं जाएगी भारतीय टीम

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है। लेकिन उससे पहले इस पर पेंच फंसता नजर आ रहा है। दरअल, भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं इस पर कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है। इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा? इस पर पीसीबी ने बयान दिया है। दरअसल, पीसीबी के एक सूत्र का कहना है कि, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो पीसीबी विकल्पों पर विचार करेगा। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। पीसीबी के सूत्र ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के सासथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है।



# ऑर्गन ट्रांसप्लांट की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक में तीन मामलों की एन.ओ.सी.जारी की

## एक मामला मणिपाल हॉस्पिटल का होने के कारण उसे एन.ओ.सी. जारी नहीं की जा सकी

- फर्जी एनओसी मामले में जांच के लिए एसआईटी के गठन को लेकर चिकित्सा विभाग ने विधिक सलाह ली
- प्रदेश में एक से अधिक प्राधिकृत अधिकारी बनाने पर भी विचार किया जा रहा ताकि जांच के दायरे को बढ़ाया जा सकें।
- गुरूग्राम से प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार चारों आरोपियों से अन्य दलालों के बारे में पूछताछ की गई

**जयपुर**। मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी के मामले में जांच के लिए एसआईटी के गठन को लेकर चिकित्सा विभाग ने विधिक सलाह ली है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कुछ विधिक अड़चने आने के कारण मामले में एसआईटी के गठन बजाए अन्य विकल्प देखने होंगे। विधिक राय में सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का जिक्र किया गया है।

वहीं राजस्थान में एक से अधिक प्राधिकृत अधिकारी बनाने पर भी विचार किया जा रहा ताकि जांच के दायरे को बढ़ाया जा सकें। उधर आज जयपुर में हुई ऑर्गन ट्रांसप्लांट की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक में तीन मामलों को एनओसी जारी की गई।

उधर गुरूवार एसएमएस अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा सहित कमेटी के अन्य सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में ऑर्गन ट्रांसप्लांट की एनओसी के लिए आए पांच मामलों पर विचार विर्मश किया गया। इनमें से तीन को अप्रूवल दे दी गई। वहीं दो मामलों को विचारधीन रखा गया। इनमें एक मामला मणिपाल हॉस्पिटल का था। बुधवार को अस्पताल को लाइसेंस सस्पेंड होने के कारण संबंधि मरीज के परिजनों को ट्रांसप्लांट के लिए किसी दूसरे अस्पताल से संपर्क करने की सलाह दी गई। वहीं दूसरे मामले में मरीज के दस्तावेज पूरे नहीं होने पर पूरी कागजी कार्रवाई कर अगली बैठक में बुलाया गया है।

वहीं दूसरी ओर मामले की जांच कर रही जयपुर पुलिस गुरूग्राम से गिरफ्तार कर प्रोडेक्शन वारंट पर लिए चारों आरोपी नुरुल इस्लाम, मेहंदी हसन, मोहम्मद अहसानुल और मोहम्मद आज़ाद हुसैन से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने मामले में लिप्त अन्य दलालों और जयपुर के अस्पतालों की भूमिका के बारे में पूछताछ की।

पुलिस की ओर से अब शुक्रवार को इन आरोपियों को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। इन आरोपियों ने हरियाणा पुलिस को जांच में बताया कि इस गिरोह में रांची निवासी मुर्तजा अंसारी सहित कई दलाल शामिल है। जिन्होंने इन्हें अंग बेचने का लालच दिया।

जिसके बाद इन्हें पासपोर्ट बनाकर कोलकात्ता, गुरुग्राम या अन्य शहरों में लाया गया और जयपुर के अस्पतालों में इनके अंग निकाले गए। वहीं पुलिस इस गिरोह में शामिल फरार दलालों की भी तलाश कर रही है। इससे पहले चिकित्सा विभाग ने बुधवार को जयपुर के माणिपाल हॉस्पिटल पर कार्रवाई करते हुए उसका रजिस्ट्रेशन निलम्बित कर दिया है।फोटि्स और ईएचसीसी अस्पताल के बाद मणिपाल तीसरा हॉस्पिटल है जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## अंग प्रत्यारोपण प्रकरण की जांच केंद्रीय एजेंसी से करवाया जाना जरूरी : सराफ

**जयपुर**। पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सराफ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर अंग प्रत्यारोपण में फर्जी एनओसी प्रकरण की एन आई ए से जांच करवाने की मांग की है।

सराफ ने अपने पत्र में लिखा है कि फर्जी एनओसी प्रकरण में देश के कई राज्यों में विदेशी दलालों का गिरोह सक्रिय है जिससे राज्य में पकड़े गए लोग भी जुड़े हुए हैं। राज्य की पुलिस व एसीबी केवल छोटी मछलियों को पकड़ सकी है तथा मामला उजागर होने के पश्चात उक्त एजेंसियां केवल रिकॉर्ड खंगाल रही है।

सराफ ने पत्र में यह भी लिखा है की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक विगत 3 साल से नहीं हुई है किंतु एसएमएस अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट होते रहे हैं यह जानकारी राज्य स्तरीय समिति के जिम्मेदार अधिकारियों को भी थी इससे साबित होता है कि उक्त कार्य इनकी मिलीभगत के बिना यह कार्य नहीं हो सकता है।

# जल भवन में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**जयपुर**, (का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कहा कि तेज गर्मी और लू को देखते हुए पक्षियों के पानी पीने के लिए परिंडे लगाए ताकि पानी की तलाश में पक्षियों को भटकना नहीं पड़े। इनकी चहचहाट सुनने के लिए अपने आसपास के वातावरण में दाना पानी रखना होगा ताकि भोजन एवं पानी की तलाश में ये हमारे वातावरण को सुना करके ना जाए।

शासन सचिव ने जल भवन में पक्षियों के लिए लगाए 11 परिंडे के दौरान यह बात कही।साथ ही उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी कार्यालयों, हेड वर्क्स, पंप हाउस आदि में परिंडे एवं चुगा पात्र लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभाग के अधीनस्थ सभी कार्यालय में परिंडे जरूर लगाना चाहिए। पक्षियों की फिक्र करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

गर्मियों में पक्षियों को पीने का पानी व चुग्गे की कमी होने के कारण इनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। इसी प्रकार पशुधन को भी पानी की व्यवस्था के अभाव में भटकना पड़ता है। विभागीय स्त्रोतों/ हैडवर्क्स के पास ओवरफ्लो/ लीकेज आदि से पानी बेकार होता है, इसे भी खेली से जोड़कर इसका समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है।अत: पक्षियों एवं जीव जन्तुओं के जीवन को बचाने के उद्देश्य से विभाग के समस्त कार्यालयों, पम्प हाउस, हैड वर्क्स आदि पर कार्मिकों, भामाशाह, गैर-सरकारी संगठन, आमजन आदि के सहयोग व सहभागिता से सुगम स्थानों पर वृक्षों पर पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा पात्र स्वेच्छा से लगवाया जाकर पुण्य के भागीदार बनें।



**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि तेज गर्मी और लू को देखते हुए पक्षियों के पानी पीने के लिए परिंडे लगाए।**



*बुधवार को चुनाव प्रचार का दौर थमने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को सारा दिन भाजपा कार्यालय में बिताया और दूसरे चरण के मतदान के लिए भाजपा की रणनीति पर मैराथन बैठकें कीं। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यालय में चुनाव प्रबन्धन समिति, सोशल मीडिया, चुनावी वॉर रुम, चुनाव प्रकोष्ठ, आईटी सैल, मीडिया सैल में जाकर काम में जुटी भाजपा की टीमों के काम को देखा।*

# मु.मंत्री भजनलाल भाजपा कार्यालय में

## मु.मंत्री भजनलाल ने भाजपा कार्यालय में पूरा दिन बिताया

- **मु.मंत्री ने भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय सहस्रबुद्धे, सह प्रभारी विजया राइटकर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री वी. सतीश के साथ शुक्रवार को होने वाले मतदान पर चर्चा की।**
- **कल जिन 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें भाजपा की 28,758 बूथ टीमें सक्रिय हैं, जो मतदान के दिन वोटर को बूथ तक लाने का काम करेंगी।**
- **मु.मंत्री ने सभी 13 लोकसभा सीटों में भाजपा नेताओं से सीधे फोन पर बात की और मतदान तैयारियों के संबंध में चर्चा की।**

जयपुर, 25 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान में बुधवार को चुनाव प्रचार का दौर थमने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को सुबह 11.30 बजे सीधे भाजपा ऑफिस गए। जहाँ उन्होंने मतदान के दिन के लिए भाजपा की रणनीति पर मैराथन बैठकें कीं।

सर्वप्रथम उन्होंने भाजपा चुनाव प्रदेश प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे, सह प्रभारी विजया राहटकर, प्रवेश वर्मा, राष्ट्रीय संगठनमंत्री वी. सतीश और चुनाव प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष नारायण पंचारिया के साथ बैठक की और शुक्रवार के मतदान को लेकर भाजपा की रणनीति पर चर्चा की। प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर भाजपा की 28758 बूथ टीमें हैं। इन टीमों द्वारा मतदान के दिन अधिकतम वोटिंग कराने, घर-घर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक ले जाने के लिए प्रेरित करने सहित अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

जानकारी के अनुसार मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा की 13 सीटों पर भाजपा के प्रबन्धन को लेकर सीधे लोकसभावार भी भाजपा नेताओं से फोन पर बात की और उनसे सीटवार मतदान की तैयारियों, अधिकतम वोटिंग की रणनीति जानने के साथ ही दिशा निर्देश भी दिए। लोकसभावार भाजपा नेताओं को वोटिंग के दिन की खास जिम्मेदारियां दीं।

मु.मंत्री ने पार्टी कार्यालय में बने चुनाव प्रबन्धन समिति, सोशल मीडिया, चुनावी वॉर रूम, चुनाव प्रकोष्ठ, आईटी सेल, मीडिया सेल में जाकर काम में जुटी भाजपा की टीमों के वर्किंग स्टाइल, उनके काम के तरीके, शुक्रवार को वोटिंग के दिन उनके कार्य पर चर्चा की। इसके बाद अपनी ओर से सुझाव व दिशा निर्देश दिए। इस दौरान टीमों के प्रभारी, संयोजक और अन्य नेता उनके साथ मौजूद थे।

प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय सहसबुद्धे ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, कांग्रेस जातीय चुनाव की राजनीति कर रही है, लेकिन ये चुनाव राष्ट्र के लिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी साथ सभी जातियों के लोग हैं। वे एकजुट होकर भाजपा-मोदी को वोट देंगे।

चुनाव प्रबन्धन समिति के चैयरमेन नारायण पंचारिया ने कहा कि भाजपा की पूरी तैयारी है। बूथ और शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता परिवार पर्ची लेकर घर-घर पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रबंधन के तहत गठित अधिवक्ता प्रकोष्ठ, चुनाव आयोग प्रकोष्ठ, कार्यक्रम प्रकोष्ठ, आईटी एवं मीडिया प्रकोष्ठ से संबंधित सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया एवं कार्यों की विस्तार से जानकारी लेकर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने, कल, 26 अप्रैल को प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान के लिए प्रदेश की जनता से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा, हमें मजबूत और बेहतर लोकतांत्रिक मूल्यों वाली सरकार चुनने के लिए बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेना चाहिए। मत की ताकत से ही राष्ट्रिनर्माण की कल्पना साकार होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मीडिया के सवालों के जवाब में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अब तो हमारे कहने की जरूरत ही नहीं बची कांग्रेस के लोग ही कांग्रेस के कारनामों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मु.मंत्री गहलोत के ओ.एस.डी. द्वारा फोन टैप और पेपर लीक पर सार्वजनिक रूप से किये गये खुलासों के बाद अब कांग्रेस नेताओं के मुंह पर ताले लगे हुए हैं।

# सरहदी इलाके में वायुसेना का टोही विमान क्रैश

- **हादसा पिथला गांव में हुआ जहां खेत में मानव रहित टोही विमान क्रैश हो गया।**
- **विमान क्रैश होने के बाद खेत में आग लग गई जिससे गांव में दहशत फैल गई।**
- **एयर फोर्स अधिकारी हादसे की जांच में जुटे हुए हैं।**

जैसलमेर, 25 अप्रेल (नि.सं.)। जैसलमेर में गुरुवार सुबह भारतीय वायुसेना का एक विमान क्रैश हो गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर के पिथला गांव के समीप क्रैश हुआ। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के साथ-साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

गौरतलब है कि, जैसलमेर में पूर्व में भी टोही विमान गिरने के हादसे हो चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक, जैसलमेर में पिथला गांव के समीप एक खेत में गुरुवार सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का मानव रहित टोही विमान क्रैश होने से इलाके में दहशत फैल गई, लेकिन किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

विमान गिरने के बाद आसपास के लोग भी आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद विमान में लगी आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद ही एयरफोर्स के अधिकारी और अन्य कार्मिकों की टीम ने मौकास्थल पर पहुंचकर विमान को कब्जे में लिया। बताया जाता है कि तकनीकी खामी के कारण विमान गिरा है। फिलहाल, एयरफोर्स के अधिकारी हादसे की जांच में जुटे हुए हैं।

ज्ञातव्य है कि, भारतीय वायुसेना का टोही विमान आसमान में जासूसी गतिविधियों पर नजर रखता है। सरहदी क्षेत्र होने के कारण यहां आसपास के क्षेत्रों में टोही विमान से निगरानी की जाती है। एक ऑपरेटर द्वारा इसे नियंत्रित किया जाता है।

टोही विमान द्वारा ली गई तस्वीरें ऑपरेटर के मॉनिटर पर उभर कर आती रहती हैं। रिमोट कन्ट्रोल प्रोग्राम से संचालित होने वाले विमान की गति 180 किमी प्रति घंटा होती है। इन विमानों की रेंज करीब 100 किमी तक होती है तथा यह करीब 5 घंटे तक लगातार बैटरी बैकअप से उड़ान भर सकते हैं।

## चुनाव आयोग ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(एम.एल.) के द्वारा शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने कांग्रेस पर अल्पसंख्यकों को बढ़ावा देने का आरोप लगाकर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए नोटिस में भाजपा से 19 अप्रेल को प्राप्त शिकायती प्रतिवेदन का उल्लेख किया है। दोनों नोटिसों में चुनाव आयोग ने कहा है कि स्टार प्रचारक व्यक्तिगत रूप से उनके द्वारा दिए भाषणों के प्रति व्यक्तिगत रूप से ही जिम्मदार रहेंगे, तथापि आयोग जैसा केस होगा उसकी स्थिति के आधार पर समय-समय पर इसकी जानकारी पार्टी के अध्यक्ष को सूचित करते रहेंगे।

## रूस और ईरान में फंसे भारतीयों की जल्द वापसी की संभावना

- **विदेश मंत्रालय ने मीडिया को बताया कि, इस संबंध में रूस व ईरान की सरकारों से वार्ता चल रही है।**

नयी दिल्ली, 25 अप्रेल। रूसी सेना में फंसे 10 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं और बाकी लोगों की रिहाई के लिए भी रूस सरकार ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार से ईरान द्वारा बंधक बनाये गये वाणिज्यिक पोत पर तैनात चालक दल के सदस्यों में भारतीय सदस्यों की भी जल्द ही स्वदेश वापसी होने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रूस यात्रा एवं रूसी सेना में फंसे भारतीयों को सेवा मुक्त करके स्वदेश लाने से संबंधित एक सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा, हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च पदस्थ अधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक में भाग लेने के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में हैं और उन्होंने इसके अलावा कई अन्य बैठकें कीं।

## आरोपी ट्रेनी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(एस.ओ.जी.) ने हाईकोर्ट को गुमराह करते हुए और तथ्यों को छिपाकर सी.एम.एम. कोर्ट के रिहाई आदेश पर रोक लगवाई है। जबकि आरोपियों के रिलीज ऑर्डर जारी हो चुके थे। ऐसे में हाईकोर्ट ने आरोपियों की रिहाई पर गलत तरीके से रोक लगाई है। याचिका में हाईकोर्ट के 15 अप्रैल के आदेश पर रोक लगाने व आरोपी प्रार्थियों को रिहा करने का आग्रह किया है। राज्य सरकार की ओर से मामले में पैरवी अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा करेंगे।

दरअसल हाईकोर्ट ने एस.आई. भर्ती-2021 के पेपर लीक मामले में राज्य सरकार की विशेष आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए आरोपियों को रिहा करने वाले सी.एम.एम. कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। राज्य सरकार ने सी.एम.एम. कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में कहा था कि, यह आदेश कानूनी प्रावधानों के अनुसार गलत है। इस मामले में सी.एम.एम. कोर्ट ने, एस.ओ.जी. की ओर से आरोपियों को गिरफ्तारी से 24 घंटे बाद पेश करने को सी.आर.पी.सी. की धारा 57 का हनन मानते हुए उनकी हिरासत को अवैध मानते हुए उन्हें सशर्त रिहा करने के आदेश दिए थे।

# कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी

- **कल्पना सोरेन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी हैं, जो एक जमीन घोटाले के केस में ई.डी. की गिरफ्त में हैं।**
- **कल्पना सोरेन के विधानसभा चुनाव लड़ने की खबर से यह चर्चा जोरों पर है कि, अगर वे चुनाव जीतीं तो झारखंड की नई मुख्यमंत्री बनेंगी। फिलहाल मुख्यमंत्री की कुर्सी चंपई सोरेन के पास है।**

झारखंड, 25 अप्रेल। लोकसभा चुनाव 2024 के सीजन में झारखंड की सियासत भी रोचक हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ऐलान किया है कि, जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव लड़ेंगी। ज्ञातव्य है कि कथित भूमि घाटोला मामले में हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से कल्पना सोरेन के मुख्यमंत्री बनने की अटकलें सामने आने लगी थीं। हालांकि, पार्टी ने चंपई सोरेन को झारखंड का नया मु.मंत्री नियुक्त किया था। अब कल्पना के उपचुनाव में उतरने के बाद एक बार फिर से अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

झारखंड में बीते दिनों हुए सियासी उथल-पुथल के समय से ही हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के मुख्यमंत्री बनने की चर्चा है। वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने इस पर भी जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि, गांडेय विधानसभा सीट से हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना की उम्मीदवारी के बारे में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी निर्णय लेगी। चंपई ने ये भी कहा था कि अगर कल्पना विधानसभा चुनाव लड़ती हैं और जीतती हैं, तो पार्टी तय करेगी कि क्या वे मुख्यमंत्री बनेंगी या नहीं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज़ अहमद ने कुछ महीने पहले गिरिडीह जिले में स्थित गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था जिस कारण यह सीट खाली हुई है। गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 मई को होगा।

## वॉट्सऐप से सूचनाएं देगा सुप्रीम कोर्ट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि, अब वकीलों को कॉज लिस्ट, केस फाइलिंग और केस लिस्टिंग की जानकारी वॉट्सऐप से दी जाएगी।**

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) ने गुरुवार को घोषणा कर कहा कि, सुप्रीम कोर्ट कॉज लिस्ट, मुकदमा दाखिल होने व केस की लिस्टिंग से सम्बंधित सूचनाएं वकीलों को वॉट्सऐप के माध्यम से देगा।

एक कॉज लिस्ट में किसी विशेष दिन को कोर्ट में सुनवाई के लिए मुकदमों की सूची होती है।

शीर्ष कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि, "सुप्रीम कोर्ट के 75 वें स्थापना वर्ष के अवसर पर हमने यह एक छोटी सी नई शुरुआत की है। इस कदम का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना है।

वॉट्सऐप मैसेन्जर हमारे दैनिक जीवन का सर्वव्यापी हिस्सा बन गया है और यह सूचना प्रसारण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है। सब तक न्याय की पहुंच के अधिकार को मजबूती प्रदान करने तथा न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए, सुप्रीम कोर्ट ने अपनी आई.टी. सर्विसेज के साथ वॉट्सऐप मैसेजिंग सेवा का एकीकरण करने की घोषणा की है।

## रायबरेली से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के पक्ष में माहौल बनने में मदद मिलेगी।

वरूण को पीलीभीत से टिकट नहीं देने के बाद, भाजपा नेतृत्व, कथित तौर पर, पिछले कुछ दिनों से उन पर रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए जोर डाल रहा है। समझा जाता है कि, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरूण को यह प्रस्ताव दिया है। माना जाता है कि, वरूण ने बड़ी विनम्रता और दृढ़ता से इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

वरूण को रायबरेली से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव देकर भाजपा उन पर उपकार नहीं कर रही है। अगर वरूण, प्रस्ताव स्वीकार करके, प्रियंका से हार जाते हैं तो उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता और प्रतिष्ठा को भारी हानि पहुंचेगी। अगर वह जीत जाते हैं तो गांधी परिवार में दरारें, ज्यादा स्पष्ट रूप से उजागर हो जायेंगी। प्रियंका और वरूण यद्यपि, विरोधी खेमों में रहे हैं लेकिन, कथित तौर पर, दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण और स्नेही रिश्ता बना हुआ है।

# 'मुझे आपसे मिलकर हमारा न्याय पत्र समझाने में खुशी होगी'

- **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा।**

नयी दिल्ली, 25 अप्रेल। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर बार-बार गलत बयान दे रहे हैं इसलिए पार्टी का घोषणा पत्र समझाने के लिए उन्होंने मोदी को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

खड़गे ने कहा कि, प्रधानमंत्री से मिलकर वे कांग्रेस के घोषणा पत्र के बिन्दुओं की वस्तुस्थिति स्पष्ट करके यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि, अगली बार देश के प्रधानमंत्री कोई गलत बयान न दें।खड़गे ने कहा कि मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर संपत्ति छीनकर बांटने और 'विरासत कर' संबंधी आरोप लगाए हैं और इसी को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र में लिखा है कि, कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जाति एवं समुदायों के, हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। आपके सलाहकार उन चीजों के बारे में आपको गलत जानकारी दे रहे हैं जो हमारे घोषणा पत्र में लिखी ही नहीं हैं। मुझे व्यक्तिगत रूप से मिलकर आपको हमारे न्याय पत्र को समझाने में बेहद खुशी होगी ताकि देश के प्रधानमंत्री के रूप में आप कोई भी गलत बयान न दें।

## पटना के होटल में आग, 6 की मौत, 20 घायल

पटना, 25 अप्रेल। बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन के पास एक होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग झुलसकर घायल हो गए।

नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) चंद्र प्रकाश ने पटना जंक्शन के पास, पाल होटल में आग लगने से छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिला हैं, जिनकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है।

आग लगने के बाद होटल में रखे सिलेंडर में भी विस्फोट हुआ, जिससे आग और भड़क गई। देखते ही देखते आग चार मंजिला भवन के सभी तल पर फैल गई और पास वाली बिल्डिंग को भी अपनी जद में ले लिया।

# अखिलेश यादव कनौज से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे

## अखिलेश ने गुरूवार दोपहर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरा

- **कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश के सामने भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक मैदान में हैं। सपा यहां से सात बार चुनाव जीत चुकी है।**
- **दो दिन पहले सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप का नाम घोषित किया था, पर अब अखिलेश खुद मैदान में हैं।**

कन्नौज, 25 अप्रेल। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार दोपहर कन्नौज लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर चार सैट में अपना नामांकन दाखिल किया।

इस मौके पर सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे। इससे पहले सपा अध्यक्ष ने एक्स पर अपने नामांकन की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट करते हुये लिखा, " फिर इतिहास दोहराया जायेगा, अब नया भविष्य बनाया जायेगा।" अखिलेश के चुनाव मैदान में उतरने के फैसले का स्वागत करते हुये भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि, अब मुकाबला बराबरी का हुआ है। अगर तेज प्रताप उतरते तो यह मैच भारत नेपाल की तरह एकतरफा होता मगर अब यह मुकाबला भारत पाकिस्तान मैच की तरह रोमांचक होगा।

गौरतलब है कि, सपा ने दो दिन पहले तेज प्रताप यादव को कन्नौज सीट से उम्मीदवार घोषित किया था मगर कार्यकर्ताओं की मांग पर अखिलेश ने बुधवार को स्वयं इत्र नगरी के चुनाव मैदान में उतरने का एलान कर दिया था।

कन्नौज लोकसभा सीट पर 1998 से 2014 के बीच 16 साल में सपा सात मुकाबलों में जीती है।

## प्रूफ है तो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पेपर लीक में शामिल होने के आरोप पर गहलोत ने कहा कि, अगर प्रधानमंत्री के पास इसका प्रूफ है, तो बताएं। बिना प्रूफ के प्राइम मिनिस्टर बोलते रहते हैं. इसमें कोई दम नहीं है। नाम तो किसी का भी ले सकते हैं।

पेपर लीक तो गुजरात और यूपी में भी हुए हैं। उन पर प्रधानमंत्री का क्या कहना है ? गहलोत ने कहा कि, अगर पेपर लीक में किसी का हाथ है, तो एक सा व्यवहार होना चाहिए, हमने कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री बुरी तरह से घबराए हुए हैं, चिंतित हैं। उनसे कुछ भी बुलाया जा सकता है। लाल डायरी भी इसका एक उदाहरण था।

उल्लेखनीय है कि, एक दिन पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओ.एस.डी. रहे लोकेश शर्मा ने जयपुर में मीडिया के सामने फोन टैपिंग के ऑडियो को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके अलावा लोकेश शर्मा ने पेपर लीक, ग्रामीण और शहरी ओलंपिक, कोरोना काल में मेडिकल संसाधन खरीद में हुए भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए।

## सत्येन्द्र गोवर्धन दास पित्रोदा एक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आइडियाज़ के साथ मुख्यधारा में आना चाहते है जिनकी एक्सपायरी डेट तक निकल गई है।

सैम पित्रोदा को उनके कुछ ऐसे विचारों के लिए सहज खारिज करना अनुचित होगा जो देश की वर्तमान आकांक्षाओं के अनुरुप नहीं है। वे सिर्फ राहुल गांधी के एक विचार को आगे बढ़ा रहे थे जो राहुल गांधी ने देश में आय की असमानता के बारे में अपने एक भाषण में प्रकट किया था।

लेकिन इस तरह का कोई विचार आज की युग चेतना के विरूद्ध है।

गति हीन और निर्जीव विश्व में, जहाँ सारा खेल ही "मैं जीता, तुम हारे" को लेकर है, ऐसे विचार थोड़ी अपील तो करते हैं। पर एक प्रगतिशील विश्व में, जहाँ नवीन अवसर मौजूद हैं और जिसमें सारा खेल ऐसी स्थिति को लेकर है, जिसमें सभी का फायदा है, इस प्रकार के विचार अप्रभावी हैं।

इनहैरिटैन्स टैक्स (विरासत कर) की परिकल्पना ऐसे देश के लिए आकर्षक है, जहाँ के व्यक्तियों को अपने संचित धन से अच्छी प्राप्ति होती है, लेकिन यह बचतकर्ताओं और व्यक्तियों को हतोत्साहित करता है। स्टार्टअप गुरुओं और वर्तमान के सफल तकनीकी दिग्गजों पर गौर कीजिए।

ब्रिटेन में इनहैरिटैन्स टैक्स या एस्टेट ड्यटी थी, जिसका परिणाम यह हुआ कि परम्परागत सम्पत्तियों का एक भी मालिक अपने उत्तराधिकारी की मौत के बाद संचित धन जमा नहीं कर सके। उत्तरोत्तर चरणों में इस तरह की बचत होना बंद हो गई, इसलिए ब्रिटेन को इनहैरिटैन्स टैक्स जमा कराने के बाद दिवालिया हुए पुराने परिवारों की सम्पत्ति अधिग्रहित करने के लिए एक नैशनल ट्रस्ट का गठन करना पड़ा।

लेकिन यह प्रयास निष्फल रहा क्योंकि इससे प्राप्त राजस्व एस्टेट ड्यूटी के प्रशासन के अनुरूप नहीं था।

इस देश में बड़ी जायदादों के मालिकों ने अपनी सम्पत्तियों पर मालिकाना हक बरकरार रखने के लिए कानूनी कल्पित तथ्य निर्मित कर लेते थे। ट्रस्ट बनाना पहली प्राथमिकता थी। हिन्दू अनडिवाइडेड फैमिली (एच.यू.एफ.) की भी थोड़ी उपयोगिता थी।

पुराने परिवारों में अपनी कुल देवी या देवता के नाम के ट्रस्ट का निर्माण व्यापक प्रचलन में था। इस सिस्टम का नुकसान यह है कि बड़ी-बड़ी जायदार सालों तक कानूनी दांवपेचों में उलझी रहती है।

लाभार्थी मालिक भी अपनी सम्पत्तियों का कोई लाभप्रद उपयोग नहीं कर पाते।

इस प्रकार की कानूनी कल्पनाओं को प्रोत्साहित करने के बजाए जायदाद को उसके वंशजों के लिए छोड़ना कहीं बेहतर विकल्प है। जायदाद के मालिकों के वंशज अगली दो पीढ़ियों में अपने संचित धन को किसी भी कीमत पर गंवा देते हैं। इसका प्रभाव सामाजिक रूप से लाभप्रद है क्योंकि धन और सम्पत्ति एक जगह अटकें रहने के बजाए रोटेशन में रहते हैं। इनहैरिटैन्स की परिकल्पना समाज के सामाजिक पैटर्न से सम्बद्ध है। विचारधारा का वह सिद्धांत था जिसमें समाज की सभी उत्पादक सम्पत्तियों के सामूहिक मालिकाना हक की बात थी। यह प्रयोग सोवियत यूनियन और माओ के चीन में किया गया था, जहाँ सभी लाभदायक सम्पत्तियाँ देश की होती थीं।

इस विचार ने विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह करके रख दिया था। स्टालिन ने भू-अधिकारों और व्यक्तिगत कृषि जोत को समाप्त कर दिया था, जिसके कारण कृषि उत्पाद में भारी कमी आई और भूख से मौतें होने लगीं।

एस्टेट ड्यूटी का विचार भारत में खासतौर से निंदनीय है। यहाँ पैतृक सम्पत्ति एक नैसर्गिक प्रक्रिया मानी जाती है। इसी तरह से मृत्यु कर की परिणति अनेकानेक मानवतावादी उदार दानों से हो सकती है जिसके लाभार्थी हमेशा मजे करते रहेंगे। तो क्यों नहीं सीधे-सीधे काम करें।

## 'शराब घोटाले के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

था। जाँच एजेंसी के अनुसार, अब तक की गई जाँच में यह खुलासा हुआ है कि आपराधिक आय का एक भाग जिसकी कुल नकद राशि लगभग 45 करोड़ रूपये थी, उसका उपयोग वर्ष 2022 में गोवा विधानसभा के चुनावों के दौरान आप पार्टी के चुनाव प्रचार में प्रयोग किया गया था।

इस बीच, शीर्ष अदालत ने ई.डी. द्वारा दाखिल एफिडेविट के जवाब में अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने ई.डी. पर आरोप लगाया कि जाँच एजेन्सी "झूठ बोलने की मशीन बन गई हैं।"

केजरीवाल ने शीर्ष अदालत में तथाकथित शराब नीति घोटाला से उत्पन्न मनी लॉन्डरिंग केस में उनको गिरफ्तार किए जाने को चुनौती दी थी, इसके जवाब में ई.डी. ने शीर्ष अदालत में जवाब के तौर पर एक शपथ पत्र दाखिल किया है, इसमें दावा किया गया है कि गोवा में आप पार्टी के चुनाव प्रचार की गतिविधियों से संबंध रहे विभिन्न व्यक्तियों के लिये बयानों में इस रहस्य का खुलासा हुआ है कि उस दौरान जो सर्वेक्षण कर्ताओं, क्षेत्रीय प्रबंधकों, सभा आयोजकों और इनमें और भी लोग शामिल थे, ने खुलासा किया कि उन्हें उनके कार्य के बदले में नकद भुगतान किया गया था।

यह मामला दिल्ली सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए सरकारी आबकारी नीति बनाने व उसको क्रियान्वित करने में काला धन अर्जित करने व इसमें भ्रष्टाचार करने के आरोपों के बारे में है, बाद में उक्त नीति को रद्द कर दिया गया था।

केजरीवाल को 21 मार्च को ही कुछ घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया था जब दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से कोई राहत नहीं दी थी।

## बहुचर्चित बाड़मेर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के लिए चुनौती बढ़ गई है।

आर.एल.पी. नेता गजेंद्र चौधरी ने कहा कि, हमारी पार्टी का प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन हुआ है, लेकिन बाड़मेर में कांग्रेस के बड़े नेताओं को यह गठबंधन पसंद नहीं है, इसी के चलते आर.एल.पी. के कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि, इन नेताओं ने गठबंधन के तहत आर.एल.पी. सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की एक भी सभा नहीं करवाई। आखिरकार, आर.एल.पी. कार्यकर्ताओं ने बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी को समर्थन देने का ऐलान किया है।

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908




"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 87 000*"

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

**BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th April'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.